CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 18 फरवरी 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 324 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान अधिकतम :24°C न्यूनतम: 10°C

सेंसेक्स 75,996.86 निफ्टी 22,959.50

सोना 87,615 चांदी 100,500

shahtimes2015@gmail.com

माघ फाल्गुन पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081


19 शाबान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**एआई को बौद्धिक बेहतरी की ताकत बनाने की जरूरत: नकवी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान पहुंची**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रिस्पना व बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द होगा शुरू: सीएम धामी

## मुख्यमंत्री ने दिए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पना और बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू किया जाए। देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर को एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए केन्द्र से सहयोग का अनुरोध करने और स्टेट सेक्टर से शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए हैं।

देहरादून में आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि, पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने के बाद यातायात में संभावित वृद्धि के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। रिस्पना नदी के तल पर 11 किलोमीटर और बिंदाल नदी के तल पर

■ **आबादी और वाहनों की वृद्धि के दृष्टिगत राज्य के अन्य शहरों के लिए भी सुनियोजित प्लान पर कार्य किया जाए**

15 किलोमीटर लंबे चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य होना है। इन नदियों -शेष पृष्ठ दो पर

# इकोलॉजी एवं इकोनॉमी संतुलन बनाकर हो रहे विकास कार्य

## जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर कार्यशाला में बोले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां**

**देहरादून।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा और अन्तर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केन्द्र के साथ 'स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हे.न. बहुगुणा विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतीय हिमालय क्षेत्र एक सतत भविष्य की ओर' का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से जहां भारतीय हिमालयी क्षेत्र में -शेष पृष्ठ दो पर



### प्राकृतिक जलस्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव: महाराज

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से प्राकृतिक जल स्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उत्तराखंड की परंपरा में जल स्रोतों को पवित्र माना जाता है और इनकी पूजा की जाती है। जल के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण के लिए सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे।

### लोगों को गांवों में वापस लाने पर हो काम: बेरी

उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन के. बेरी ने हिमालयी राज्यों में खाली हो रहे गांवों को फिर से पुनर्जीवन दिए जाने के लिए बाहर बस गए लोगों को अपने गांवों में वापस लाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए वाइब्रेंट विलेज योजना को गंभीरता से लेते हुए, ऐसे गांवों में रोजगार और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने नीति आयोग के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए विज्ञान, सामुदायिक सहभागिता एवं महिलाओं को सशक्तिकरण पर विशेष बल दिए जाने की बात कही। इसके लिए उन्होंने ब्रॉडबैंड सेवा के विस्तार, इन्टरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने पर बल दिया।

# कुशीनगर मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन से भड़का सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट ने 13 नवम्बर 2024 के आदेश के उल्लंघन को लेकर योगी सरकार को भेजा नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवम्बर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है।

13 नवम्बर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों न संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई की जाए? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर आदेश पारित करते हुए कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि कुशीनगर जिले में प्रशासन ने मदनी मस्जिद के



■ **फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर लगी रोक**

एक हिस्से में तोड़फोड़ की है। आरोप है कि मस्जिद का निर्माण जमीन पर अतिक्रमण करके किया गया। इस महीने की शुरुआत में प्रशासन ने बुलडोजर से मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिरा दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि जांच में पता चल गया था कि मस्जिद के निर्माण में कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है और एसडीएम की रिपोर्ट में इसका जिक्र है। इसके बावजूद कार्रवाई की गई।

## पूजा स्थलों के लिए कानून का मामला स्टे बरकरार, मामला तीन सदस्यीय बेंच को सौंपा, सुनवाई अप्रैल में

**नई दिल्ली।** पूजा स्थलों के संरक्षण कानून से संबंधित दायर याचिकाओं पर सोमवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने पिछली सुनवाई में दिए गए स्टे को बरकरार रखते हुए साथ ही, अदालत ने नई याचिकाओं पर नोटिस जारी करने के बजाय उन्हें याचिका के रूप में दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश के आदेश के अनुसार अब तीन सदस्यीय पीठ अप्रैल के पहले सप्ताह में इस मामले की सुनवाई करेगी।

सोमवार को इस कानून के खिलाफ पांच नई याचिकाएं सुनवाई के लिए पेश की गईं, लेकिन अदालत ने उन पर नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया। हालांकि वकीलों ने अदालत से अनुरोध किया कि अब तक दायर सभी याचिकाओं को

■ **मस्जिद-मस्जिद मंदिर तलाश करने वाले इस देश की एकता के दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी**

सुनवाई के लिए स्वीकार किया जाए, लेकिन अदालत ने कहा कि किसी भी चीज की एक सीमा होती है और यह सीमा अदालत को तय करनी होती है। इसलिए जिन याचिकाओं पर पहले ही नोटिस जारी नहीं किया गया है, उन पर अब नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें पक्षकार के रूप में आवेदन दाखिल करने की अनुमति होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सोमवार को पूजा स्थल के संरक्षण कानून के समर्थन और विरोध में दायर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई -शेष पृष्ठ दो पर

# दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के तेज झटके

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई**

■ **मोदी का दिल्लीवासियों को शांत रहने का आग्रह**




**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

भूकंप की तीव्रता चार मापी गई और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के तेज झटकों के कारण घरों के छत के पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। भय के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई साल के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा। इसकी वजह से यहां लोगों को झटके काफी देर तक महसूस हुए। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह की जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के निवासियों से 'शांत' रहने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने, संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। भूकंप के कारण धौला कुआं में स्थित झील पार्क में 20 से 25 साल पुराना पेड़ गिर गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है दिल्ली

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह आए भूकंप से उत्तर भारत के कई इलाकों की धरती कांप गई। भूकंप के झटके इतने तेज महसूस किए गए कि लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए और लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.0 रही और इस भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौला कुआं इलाके में जमीन के पांच किलोमीटर भीतर था। चूंकि भूकंप का केंद्र दिल्ली में ही था और जमीन के बहुत अंदर नहीं था, तो इसकी वजह से भूकंप के तेज झटके महसूस हुए और कई लोगों ने बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे जमीन के अंदर ट्रेन चल रही है। दिल्ली भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और यह सिस्मिक जोन-4 के अंतर्गत आती है। इस जोन के इलाकों में भूकंप का खतरा ज्यादा रहता है। दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण के अनुसार, इस जोन में तेज भूकंप आने का खतरा रहता है और इन भूकंपों की तीव्रता 5.6 मैग्नीट्यूड हो सकती है।

### यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से, तैयारी पूरी

**लखनऊ।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। प्रदेश सरकार के नकलविहीन परीक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस सिलसिले में सोमवार को सूबे के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कुल 8140 परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिनमें 576 राजकीय, 3446 सहायता प्राप्त व 4118 स्ववित्तपोषित विद्यालय हैं।

### यात्रियों की भीड़ प्रबंधन को मैनुअल तैयार करेगा रेलवे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए देश के करीब 60 स्टेशनों में होल्डिंग एरिया बनाने और एक समग्र मैनुअल तैयार करने की बात कही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना को देखते हुए तय किया गया है कि देश के करीब 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। जहां संभव होगा, स्थाई होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।

### कांग्रेस ने फिर मांगा रेल मंत्री का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ में मारे गए लोगों के आंकड़े छुपाए जा रहे हैं और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जिम्मेदारी निभाने की बजाय आंकड़े छुपाने में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुआ दर्दनाक हादसा रेल मंत्रालय और रेल मंत्री की लापरवाही का परिणाम है। रेल प्रशासन भगदड़ के लिए जिम्मेदार है और यह जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। पार्टी ने इसके साथ ही कुछ पोस्टर भी पोस्ट किए हैं और कहा है कि रेल मंत्री ने रेलवे को बर्बाद कर दिया है। उन्हें अब पद पर रहने का अधिकार नहीं है।

### उत्तराखंड सूचना केंद्र में नया सूचना अधिकारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्थित उत्तराखंड राज्य सूचना केंद्र में कुंदन कुमार को नया सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। उत्तराखंड सूचना विभाग के अनुसार श्री कुमार 2021 की प्रांतीय सेवा के अधिकारी हैं और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में तैनाती मिली है। उन्होंने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मिलिट्री स्कूल शिमला से शिक्षा प्राप्त श्री कुमार ने पत्रकारिता में उच्च शिक्षा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से हासिल की है।

# नई दिल्ली भगदड़ मामला: स्टेशन पर सीआरपीएफ तैनात

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) और दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई है। महाकुंभ के बीच बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है।

इसके अलावा रेलवे ने 26 फरवरी तक शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद कर दी है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने भविष्य में पीक सीजन में भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए देश के 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। महाकुंभ के बाद 2027 में नासिक और हरिद्वार में



■ **26 फरवरी तक काउंटर से प्लेटफार्म टिकट बंद, 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की तैयारी**

भी अर्धकुंभ लगेंगे। इसके अलावा 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी सिंहस्थ मेले का आयोजन होना है।

### महाकुंभ में आग लगने से कई शिविर तबाह

**महाकुंभनगर।** प्रयागराज में महाकुंभनगर के सेक्टर आठ में सोमवार को आग लगने से कई टेंट जल कर राख हो गए। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर आठ में बजरंगदास मार्ग के एक खाली शिविर में आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की कई गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। घटनास्थल की चारों तरफ से घेराबंदी कर लोगों को आसपास से आने जाने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि शिविर खाली कर श्रद्धालु जा चुके थे। आग लगने का तत्काल कारण नहीं पता चल सका।

# दिल्ली के नए सीएम की शपथ 20 को

## सीएम फेस तय नहीं, कल होगी विधायक दल की बैठक

■ **पीएम समेत 20 राज्यों के मुख्यमंत्री आएंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक सीएम फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें सीएम की घोषणा होगी।

इससे पहले 16 फरवरी शाम को खबर आई कि 17 फरवरी, यानी सोमवार को विधायक दल की बैठक होगी और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि, कुछ देर बाद इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया। इसकी वजह नहीं बताई गई। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम शामिल होंगे।

### 10 दिन में भी सीएम नहीं चुन पाई भाजपा : 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव परिणाम के दस दिन बाद भी भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का चयन नहीं कर पाई है। सुश्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कर सोमवार को कहा कि पिछले दस दिन से मुख्यमंत्री के चयन नहीं कर पाने से यह साबित हो गया कि भाजपा के विधायकों में से एक भी मुख्यमंत्री बनने के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आए हुए दस दिन बीत चुके हैं। दिल्ली की जनता इंतजार करती रह गई, लेकिन भाजपा मुख्यमंत्री पर कोई फैसला नहीं ले पाई। उन्होंने कहा कि आज यह साबित हो गया है कि भाजपा के पास दिल्ली सरकार चलाने के लिए कोई चेहरा नहीं है। अगर उनके पास मुख्यमंत्री बनने लायक ही नहीं है, तो सरकार कैसे चलाएंगे।

### चुनाव आयोग को अलविदा कहा राजीव कुमार ने


**नई दिल्ली।** निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश-स्तम्भ है। देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है। उन्होंने आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा कि भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस 'सॉफ्ट पावर' का फायदा उठान चाहिए।

# इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष फिर विवादों के घेरे में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

हालांकि कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा के चीन पर व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस के विचार नहीं हैं। एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए। मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है। हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए। भारत को चीन के प्रति अपने



नजरिये को बदलने की जरूरत है। पित्रोदा ने कहा कि हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है। पित्रोदा ने कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है,

■ **चीन भारत का दुश्मन नहीं: सैम पित्रोदा कहा: हमें उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, कांग्रेस ने बयान से किया किनारा**

हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा। दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे हैं। कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी, जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी।

### भाजपा ने पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस से सफाई मांगी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के चीन को लेकर दिए गए बयान को निंदनीय एवं गलवान के शहीदों एवं भारतीय सेना के बलिदान का अपमान करार दिया है और कांग्रेस से इस बयान पर सफाई मांगते हुए देश के विरोधी ताकतों के साथ भारत में सामाजिक आर्थिक विघटन में लिप्त होने का आरोप लगाया है। भाजपा के सांसद एवं प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने यह आरोप लगाया। डा. त्रिवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ज्यों-ज्यों आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से विश्व के पटल पर एक शक्तिशाली और प्रभावशाली देश के रूप में उभरता जा रहा है।

# प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में मदद करे विपक्ष : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मंगलवार (आज) से शुरू होने वाले उप्र विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से जनहित के मुद्दों को सदन में रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ चर्चा से प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में सरकार की मदद करें।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों से सदन की

■ **मुख्यमंत्री ने सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का किया अनुरोध**

कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में सोमवार को सर्वदलीय बैठक हुई।

# एआई को बौद्धिक बेहतरी की ताकत बनाने की जरूरतः नकवी



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आज सोमवार को कहा कि 'गुरुकुल से लेकर गूगल' तक भारतीय शिक्षा का स्वर्णिम सफर देश की 'आध्यात्मिक तक्षशिला विरासत' और 'आधुनिक तकनीकी विकास' की संयुक्त समावेशी शक्ति है।

नकवी ने हैदराबाद में मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार 'सोशियोलॉजी ऑफ़ सबआल्टर्न कम्युनिटीज़: रीविजीटिंग दलित्स, माइनॉरिटीज एंड ट्राइबल स्टडीज़ इन साउथ इंडिया' को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसी 'आधुनिक टेक्नोलॉजी के टावर और आध्यात्मिक ट्रांसफॉर्मेशन पावर' ने भारत को 'शिक्षा की शक्तिपीठ' बनाया है। उन्होंने कहा कि आज गूगल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में व्यापारिक घराने, सरकारी सिस्टम, मीडिया, राजनीतिक दल, फिल्म उद्योग, शैक्षणिक संस्थान, कृषि क्षेत्र, अपनी ओरीजनल क़ाबिलियत की जगह आर्टिफिशियल कौशल की अंधी भगदड़ में भागते दिख रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को 'बौद्धिक बेहतरी की ताक़त' बनाने की ज़रूरत है 'बुद्धि को बंधक बनाने की आफ़त' नहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और गूगल जैसे विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म 'क़ुदरती काबिलियत' की मजबूती का साधन है मजबूरी का नहीं। भाजपा नेता ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के सफल शानदार नेतृत्व क़ुदरती कौशल-काबिलियत की कसौटी में कस कर और समस्याओं और संघर्षों में तप कर निकलें हैं।

## पीडीपी ने उमर सरकार की क्षमता पर उठाए सवाल

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने केन्द्रशासित प्रदेश में वर्तमान में भय के माहौल पर गंभीर चिंता जताई और जम्मू-कश्मीर सरकार पर प्रदेश की जनता की बुनियादी सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता पर सवाल उठाए हैं। स्पीक अप न्यूजलेटर के नवीनतम संस्करण में पार्टी ने इस बात पर जोर दिया है कि विकास की किसी भी बात से पहले कश्मीरियों को भयमुक्त जीने के मौलिक अधिकार की गारंटी दी जानी चाहिए। कठुआ और बारामूला की दो हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमेशा की तरह ट्वीट करके घटनाओं की निंदा की। पीडीपी ने कहा कि दोनों मामलों में पत्रकारों और विपक्षी नेताओं को शोक संतप्त परिवारों से बात करने से रोक दिया गया, पीड़ितों की तरह ही उनकी आवाज को भी दबा दिया गया।

# महाकुम्भ का विरोध करने वालों से बेहतर हमारी इकोनॉमीः योगी

**लखनऊ, वार्ता**



■ श्रद्धालुओं के आगमन ने संस्कृति को नई पहचान दी अर्थव्यवस्था भी बढ़ाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है।

अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। महाराष्ट्र से आए युवा उद्यमियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकोनॉमी बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपए खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है, तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया, तो रिजल्ट सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता, तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि आप सभी को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि, प्रयागराज, काशी समेत कई स्थलों को देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वर्तमान में देश-दुनिया से श्रद्धालु तीनों स्थानों पर आकर भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा किदेश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य यूपी में 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने भारत के इस पोटेंशियल को पहचाना। उन स्थलों को फिर से मान्यता प्राप्त हुई, जिनके लिए भारत जाना जाता था। 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हुए। 2016-17 में यूपी में जब भाजपा सरकार नहीं थी, तब यहां श्रद्धालुओं की संख्या महज 2.35 लाख हुआ करती थी, 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 14.15 करोड़ से अधिक रही। उन्होने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए जो कुछ भी हो रहा है, वह श्रद्धालुओं के सहयोग का परिणाम है।

## सीएम योगी ने किया विधानसभा द्वार का उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है। बता दें कि नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 5 साल में बदले जाएंगे 3 सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आप सरकार में मंत्री रहे गोपाल राय ने कहा कि बीजेपी की पिछली सरकार की तरह ही आगामी 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले जाएंगे। दिल्ली में अस्थिर सरकार रहेगी। हमने फैसला लिया है कि संगठन दिल्ली की जनता के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा रहेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के सभी पदा. धिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कहा गया कि आप विपक्ष की भूमिका निभाते हुए चुनाव में बीजेपी द्वारा किए गए वादों पूरा कराने की कोशिश करेगी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने बैठक में कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली के लोगों ने आप को 43 प्रतिशत वोट दिया और बीजेपी को 45.6 प्रतिशत वोट दिया है। आम आदमी पार्टी से 2 प्रतिशत वोट ज्यादा बीजेपी को मिला, जबकि बीजेपी ने दिल्ली के अंदर चुनाव आयोग की सरेआम धज्जियां उड़ाईं।

### स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने पीडी सिंह को भारत में सीईओ बनाया

**नई दिल्ली।** स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने सोमवार को पीडी सिंह को भारत के लिए अपना मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति पहली अप्रैल से प्रभावी होगी। बैंक की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री सिंह ज़रीन दारूवाला का स्थान लेंगे, जो 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सिंह को बैंकिंग और वित्त में लगभग तीन दशकों का अनुभव है। वह यूरोपीय और अमेरिकी बैंकों के कई व्यवसाय खंडों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभा चुके हैं।

### मिल्कीपुर उपचुनाव में हार को देंगे चुनौती

**मिल्कीपुर (अयोध्या।** फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा है कि हम मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव को निरस्त कराने की मांग को लेकर सपा कोर्ट जाएगी। वह मिल्कीपुर में कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। सपा सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से बहुत बड़े वकीलों से राय ली है और उन्होंने ये बताया कि मामला बहुत गंभीर है।

## इजरायल और लेबनान में युद्ध विराम के बीच दागे राकेट लॉन्चर

# इजरायल का हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला

**यरूशलम, वार्ता**



■ दो हवाई हमले हरबता शहर के बाहरी इलाके में किए और तीसरा हमला हलबता शहर पर किया

इजरायल की सेना ने दोनों देशों के बीच एक नाजुक युद्धविराम के बीच कहा कि उसके युद्धक विमानों ने लेबनान में साइटों पर हमला किया, दावा किया कि वे हिजबुल्लाह सैन्य ठिकाने थे, जिनमें रॉकेट लॉन्चर और हथियार थे।

लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार युद्धक विमानों ने दो हवाई हमले हरबता शहर के बाहरी इलाके में किए और तीसरा हवाई हमला हलबता शहर पर किया, दोनों पूर्वी लेबनान में उत्तरी बेका घाटी में स्थित हैं। एनएनए ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन के उत्तर में एक शहर वादी अल-जायनी पर भी हवाई हमला किया। वहीं इजरायल की सरकार ने रविवार को इयाल ज़मीर को देश के नए सैन्य प्रमुख के रूप में मंजूरी दे दी। अक्टूबर 2023 में हमास के हमले को रोकने में अपनी विफलता के कारण जनवरी में पूर्ववर्ती सैन्य प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने इस्तीफा दे दिया था। एक सरकारी बयान में कहा गया कि जमीर की नियुक्ति को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई।

जमीर (59) ने पिछले दो वर्षों से रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक के रूप में कार्य किया है और मार्च की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर अपनी नई भूमिका ग्रहण करेंगे। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) में अपने 38 साल के करियर के दौरान, जमीर ने कई वरिष्ठ पदों पर काम किया है, जिसमें आईडीएफ के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ, आईडीएफ दक्षिणी कमान के कमांडर और प्रधान मंत्री के सैन्य सचिव शामिल हैं।

## इजरायल गाजा में युद्ध विराम कायम रखने को लेकर गंभीर नहींः तुर्की

**इंस्ताबुल।** तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के साथ संघर्ष विराम के समझौते को कायम रखने के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रहे हैं। फिदान ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अवसर पर टीआरटी वर्ल्ड से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नेतन्याहू का सभी बंधकों को छुड़ाने के बाद भी युद्ध विराम जारी रखने का कोई इरादा नहीं है। उनका इरादा फिर से युद्ध शुरू करने का है, क्योंकि अमेरिका के अलावा उन्हें रोकने के लिए अन्य किसी का कोई दबाव बनता नजर नहीं आ रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेतन्याहू पर दबाव बनाने की ज़रूरत है, ताकि युद्धविराम समझौते को सुरक्षित रखा जा सके, जिससे फिर से जनसंहार न हो। गौरतलब है कि 19 जनवरी से गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम लागू है। दोनों पक्षों में 21 इजरायली बंधकों और पांच थाई नागरिकों को छोड़ने के बदले एक हजार से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया है।

## अफगान ने शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार पर पाकिस्तान के समक्ष जताया विरोध

**काबुल।** अफगानिस्तान इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने अफगान शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने पर पाकिस्तान के समक्ष विरोध जताया। मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पाकिस्तानी पुलिस ने शनिवार को क्वेटा शहर और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ अन्य स्थानों पर अफगान शरणार्थियों के घरों पर छापे मारे और उनके साथ दुर्व्यवहार किया तथा उन्हें अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। हिरासत में लिए गए लोगों में पुरुषों के अलावा 65 बच्चे और 30 महिलाएं भी हैं। बयान में कहा गया कि अफ़गानिस्तान के इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय इस तरह की कार्रवाइयों का कड़ा विरोध और निंदा करता है, और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों को सहायता तथा सहयोग प्रदान करना जारी रखने का आह्वान करता है, ताकि वे सम्मान के साथ घर लौट सकें। मंत्रालय ने बताया कि सभी बंदियों को तुरंत दक्षिण अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के स्पिन बुल्दक शहर में सीमा पार करके अफगानिस्तान भेज दिया गया। बयान में कहा गया है कि पिछले दो सालों में पाकिस्तानी सरकार ने बार-बार इसी तरह की कार्रवाइयां की हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय और इस्लामिक कानूनों के खिलाफ हैं।

# प्रयागराज रेलवे स्टेशन २८ फरवरी तक बंद

**प्रयागराज, वार्ता**

■ यात्रियों की उमड़ रही भारी भीड़, गर्मी से बेहोश होकर गिर रहे श्रद्धालु

महाकुंभ में सोमवार को रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई, हालात बेकाबू हो गए हैं। इसी के चलते प्रशासन ने एक्शन लिया है और रेलवे स्टेशन में उमड़ी भीड़ के चलते लोगों के बीच भगदड़ न मचे इसीलिए पुलिस ने मेले से लौट रहे लोगों को रास्तों में रोक दिया है। हालात काबू में करने के लिए स्टेशन के अंदर पब्लिक का प्रवेश रोक दिया गया है। इसी के साथ 28 फरवरी तक स्टेशन को बंद कर दिया गया है।

महाकुंभ मेले में उमड़ रही भारी भीड़ के बीच ये अफवाह फैल गई कि उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) का प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जबकि सच्चाई है कि महाकुंभ शुरू होने के पहले ही इसे बंद कर दिया गया था। इसको लेकर रेलवे की ओर से कहा गया है कि ये अफवाह है कि भीड़ के बीच स्टेशन बंद किया गया है। प्रयागराज संगम स्टेशन महाकुंभ शुरू होने से पहले ही बंद कर दिया गया था। बता दें कि महाकुंभ में देश के हर कोने से आ रही लोगों की भारी भीड़ और शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना को देखते हुए प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर और मिर्जापुर समेत धार्मिक आस्था से जुड़े नगरों के स्टेशनों पर पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि हम पूर्व में जारी प्रोटोकॉल का ही सख्ती से लागू करना सुनिश्चित कर रहे हैं।


### अखिलेश ने कसा तंज

महाकुंभ रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो जाने के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक पोस्ट किया। उन्होंने कुछ लोगों की वीडियो पोस्ट कर सीएम योगी पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा, सुन ले यूपी का शासन और प्रशासन श्रद्धालुओं के कटु अनुभव और वचन। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आज कुंभ में बड़े पैमाने पर व्यवस्थाएं खराब हैं। वहां भगदड़ मची, लोगों की जान गई, मगर जिन लोगों की जान गई है, उनकी सूचि अभी तक नहीं आई है।

## अर्थ व्यापार

# आठ दिनों की गिरावट से उबरा बाजार

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार न केवल शुरुआती बल्कि पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरने में कामयाब हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.65 अंक की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 30.25 अंक मजबूत होकर 22,959.50 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.51 प्रतिशत उछलकर 39,932.63 अंक पर पहुंच गया, वहीं स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45,156.89 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4221 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1354 में लिवाली जबकि 2733 में बिकवाली हुई, वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह में 34 कंपनियों में तेजी जबकि 16 में गिरावट रही।

बीएसई के 11 समूहों में बढ़त का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.53, ऊर्जा 0.89, वित्तीय सेवाएं 0.28, हेल्थकेयर 1.14, यूटिलिटीज 0.79, बैंकिंग 0.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.90, धातु 0.76, तेल एवं गैस 0.74, पावर 0.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.18, जर्मनी का डैक्स 0.84, जापान का निक्केई 0.06 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.27 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 298 अंक लुढ़ककर 75,641.41 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,294.76 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली के पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 76,041.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,939.21 अंक के मुकाबले 0.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 75,996.86 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 119 अंक की गिरावट लेकर 22,809.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,725.45 अंक के निचले, जबकि 22,974.20 अंक के निचले स्तर पर रहा।

## वाणिज्यिक निर्यात जनवरी में 2.4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 में भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब डॉलर रहा। जनवरी 2024 में यह आंकड़ा 37.32 अरब डॉलर था। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात बढ़कर 59.42 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 53.88 अरब डॉलर था। इस तरह जनवरी में व्यापार घाटा (वस्तुओं के आयात की तुलना में निर्यात का अंतर) 22.99 अरब डॉलर रहा। जनवरी में देश से सेवाओं का निर्यात 24.31 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि के साथ अनुमानित 38.55 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 31.01 अरब डॉलर था।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 52 रिंगिट चढ़कर 4,752 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 46.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रिस्पना व...** के अन्दर स्थित जन सेवाओं जैसे विद्युत लाइन, हाई टेंशन लाइन, सीवर लाइन का नदी से बाहर विस्थापन होना है। एलिवेटेड रोड के साथ नदी के दोनों किनारों पर रिटेनिंग वॉल और निर्माण और बाढ़ सुरक्षा का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में जो भी विकास के कार्य किए जा रहे हैं, उनका आउटपुट धरातल पर दिखे। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी राजजात यात्रा के लिए भी तैयारी शुरू की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि यूआईआईडीबी, देहरादून एलिवेटेड रोड, गढ़वाल और कुमाऊं की कनेक्टिविटी के कार्यों, मानसखंड मंदिर माला मिशन, आगामी नंदा राजजात की तैयारियों कीी नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री भी समय-समय पर इनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, डा. पंकज कुमार पांडेय, वी. षणमुगम, एसएन पांडेय, डा. आर. राजेश कुमार, रणवीर सिंह चौहान, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, नगर आयुक्त नमामि बंसल व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**इकोलॉजी एवं...** जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को बल मिलेगा, वहीं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्प्रिंग शेड मैनेजमेंट और जलवायु संरक्षण की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता बनाए रखने के लिए इकोनॉमी और इकोलॉजी के बीच समन्वय बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी इंडेक्स तैयार कर जल, वन, भूमि और पर्वतों के पर्यावरणीय योगदान के आकलन के प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का एक महत्वपूर्ण वाटर टावर भी है। यहां के ग्लेशियर पानी के अविरल स्रोत हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डा. वीके सारस्वत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, नीति आयोग के सलाहकार सुरेन्द्र मेहरा, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, उप निदेशक आईसीआईएमओडी इजाबेल, निदेशक एनआईएचई प्रो. सुनील नौटियाल उपस्थित थे।

**पूजा स्थलों...** की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद केंद्र सरकार ने अभी तक अपना हलफनामा दाखिल नहीं किया, जिस पर इस कानून के विरोध में याचिका दायर करने वाले वकीलों ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर सीजेआई ने कहा कि पहले याचिकाओं के दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो जाए, उसके बाद केंद्र सरकार सभी याचिकाओं पर एक साथ हलफनामा दाखिल करेगी।सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकील एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एजाज मकबूल (नोडल काउंसिल) ने अब तक इस मामले में दायर सभी याचिक. ाओं का सारांश प्रस्तुत किया, जिसे सीजेआई ने स्वीकार किया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार की कानूनी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्टे को बरकरार रखने का निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सांप्रदायिक ताकतों की उकसाने वाली गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामला है, क्योंकि इस कानून के बने रहने से ही देश की एकता और भाईचारा सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सांप्रदायिक ताकतों ने एक बार फिर अपने उग्र इरादों को उजागर कर दिया है, और निचली अदालतों द्वारा इस तरह के मामलों में दिए गए गैर-जिम्मेदाराना फैसलों से स्थिति और भी खराब हो गई है। मौलाना मदनी ने कहा कि बाबरी मस्जिद मामले में आए फैसले को हमने भारी मन से स्वीकार किया था, यह सोचकर कि अब मंदिर-मस्जिद का कोई विवाद नहीं रहेगा और देश में शांति एवं भाईचारे का माहौल बनेगा, लेकिन हमारा यह विश्वास गलत साबित हुआ। उन्होंने अंत में कहा कि हमारी आखिरी उम्मीद न्यायपालिका है। हमने अपनी कानूनी लड़ाई के माध्यम से कई बड़े मामलों में न्याय हासिल किया है, इसलिए हमें पूरा भरोसा है कि इस महत्वपूर्ण मामले में भी न्याय की जीत होगी। संभल की शाही जामा मस्जिद घटना और अजमेर दरगाह पर हिंदुओं के दावे के संदर्भ में जमीयत उलमा-ए- हिंद द्वारा इबादतगाहों के संरक्षण कानून को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मुस्लिम इबादतगाहों के खिलाफ चल रहे मुकदमों पर तत्काल रोक लगा दी थी और निचली अदालतों को नए मुकदमे दर्ज करने से भी मना कर दिया था। साथ ही, मुस्लिम इबादतगाहों के सर्वेक्षण पर भी रोक लगा दी गई थी और निचली अदालतों को किसी भी प्रकार का अंतिम निर्णय देने से मना किया गया था। सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से सीनियर एडवोकेट यूसुफ हातिम मच्छाला, एडवोकेट वृंदा ग्रोवर, एडवोकेट आन रिकार्ड एजाज मकबूल, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट सैफ जिया आदि मौजूद थे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडलोंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की बीमारियों में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नई सरकार की ताजपोशी का फिर साक्षी बनेगा रामलीला मैदान

■ **अरविंद केजरीवाल ने 2013, 2015 और 2020 में ली थी शपथ अब चौथी बार होने जा रहा इस स्थान पर यह समारोह**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में एक बार फिर सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने जा रहा है। इस बार भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के तहत दिल्ली सरकार और एमसीडी ने मैदान को सजाने का काम शुरू कर दिया है। यहां 20 फरवरी को होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त मुख्यमंत्री व उनके सहयोगी मंत्री शपथ लेंगे। इससे पहले रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2013, 2015 और 2020 में शपथ ली थी और अब चौथी बार इस प्रतिष्ठित स्थान पर यह समारोह होने जा रहा है।

दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने समारोह के लिए विशेष इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। जनता की सुविधा के लिए रामलीला मैदान को पांच हिस्सों में बांटा जाएगा। यहां तीन बड़े स्टेज तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से एक मंच 40ग्24 फीट का होगा, इस मंच पर मुख्यमंत्री व मंत्री शपथ लेंगे और प्रमुख अतिथि बैठेंगे, जबकि दो मंच 34ग्40 फीट के होंगे। इन मंचों पर 100 से 150 कुर्सियां लगाई जाएंगी। इन दोनों मंच पर सांसद, विधायक व अन्य बड़े नेता बैठेंगे, वहीं तीसरे मंच पर अधिकारियों व अतिथियों को बैठाया जाएगा। इसके अलावा, मंच के सामने आम जनता के लिए करीब 30,000 कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। समारोह को अधिक सुलभ बनाने के लिए मैदान में एक दर्जन एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इसके माध्यम से पीछे बैठने वाले लोग शपथ ग्रहण समारोह को बिना किसी परेशानी के देख सकेंगे।

सुरक्षा के मद्देनजर, मैदान में करीब 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मुख्य गेट पर एक टेंट से वेटिंग रूम भी बनाया जा रहा है, जहां समारोह से पहले सभी अतिथि, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य अधिकारी बैठ सकेंगे।

विधायकों और उनके परिवार. जनों के लिए भी विशिष्ट व्यवस्था की गई है, जिसमें 400 कुर्सियां उनके बैठने के लिए निर्धारित की गई हैं। इस प्रकार, भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

## पार्षदों के दल बदलने से एमसीडी में हो सकता है सत्ता परिवर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के 13 पार्षदों के हाल ही में भाजपा व कांग्रेस में शामिल होने के बाद सत्ता बदलाव की संभावना हो गई है। अब एमसीडी में भाजपा के पास सबसे अधिक पार्षद हो गए हैं। आप दूसरे नंबर पर खिसक गई है। यह घटनाक्रम न केवल दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में एक नया मोड़ है, बल्कि एमसीडी में सत्ता पक्ष और विपक्ष के मामलों में भी बड़ा बदलाव है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी छोड़कर आए पार्षदों से निगम सचिव को उनकी दलीय स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया है। इतना ही नहीं, भाजपा नेता सदन के पद की मांग करने के लिए निगम सचिव को अपने पार्षदों की सूची सौंपेगी। एमसीडी की परंपराओं के अनुरूप सबसे बड़े दल को नेता सदन का पद मिलता है। सबसे बड़े विपक्षी दल को नेता प्रतिपक्ष का पद दिया जाता है। ऐसे में अब भाजपा सबसे बड़ा दल बन चुकी है और उसके पास सदन में प्रस्तावों को हरी झंडी देने के लिए संख्या बल है। एमसीडी के वर्तमान दलीय स्थिति के अनुसार, भाजपा के पास अब 116 पार्षद हो गए हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के पास 113 पार्षद रह गए हैं। कांग्रेस के पास आठ पार्षद हैं और एमसीडी में कुल 238 पार्षद हैं। दरअसल 12 पार्षदों में से एक पार्षद के सांसद व 11 पार्षदों के विधायक चुने जाने पर 12 वार्ड रिक्त हो गए हैं।

एमसीडी के अधिकारियों का कहना है कि भाजपा की ओर से नेता सदन के पद के लिए दावा किए जाने के बाद आप से उसके नए पार्षदों की सूची मांगी जाएगी। सूची प्राप्त होने के बाद निगम सचिव कोई अंतिम निर्णय लेंगे। यह स्थिति इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नेता सदन का पद निगम के कामकाज को सुचारु रूप से चलाने के लिए अहम होता है। भाजपा की रणनीति के तहत यह भी संभावना जताई जा रही है कि यदि मेयर और डिप्टी मेयर सदन की बैठक में समय पर उपस्थिति नहीं होंगे तो भाजपा सदन का संचालन करने के लिए किसी वरिष्ठ पार्षद को चुन सकती है।

## बायोपैक की मदद से होगा कैंसर का सटीक इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शरीर में पनपने वाले कैंसर की जड़ की पकड़ आसान होगी। बायोपैक की मदद से न केवल कैंसर का सटीक इलाज हो सकेगा, बल्कि शरीर में भविष्य में होने वाले कैंसर की आशंका भी खत्म हो जाएगी। इसके लिए एम्स ने झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में बायोपैक को विकसित करने का काम शुरू कर दिया है। संभावना है कि अगले दो साल में यह सुविधा शुरू हो जाएगी। मौजूदा समय में कैंसर के इलाज के लिए आधुनिक सटीक इलाज हैं। बावजूद इसके शरीर में फिर से कैंसर होने की आशंका बनी रहती है। इस समस्या को देखते हुए एम्स के विशेषज्ञों ने ऊतक पर आधारित इस विशेष सुविधा को विकसित करने का निर्णय लिया है। यह सुविधा हर तरह के कैंसर में मददगार साबित हो सकता है। देश में कैंसर अभी भी सबसे खतरनाक रोग में से एक हैं। देश में हर साल लाखों मामले सामने आते हैं।

## एमसीडी ने बल्क वेस्ट जेनरेटर के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार बल्क वेस्ट जेनरेटर (बी.डब्ल्यू.जी) के अनिवार्य पंजीकरण और उचित संचालन की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य सतत अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देना और लैंडफिल साइटों पर कूड़े के बोझ को कम करना है। सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी संस्थानों आदि सहित सभी पात्र संस्थाओं को, जिनकी अपशिष्ट उत्पादन दर 100 किलोग्राम प्रति दिन से अधिक है, एमसीडी के साथ खुद को पंजीकृत करना आवश्यक है।

पंजीकरण प्रक्रिया एमसीडी 311 ऐप के माध्यम से पूरी की जा सकती है, जो एंड्रॉयड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। बी.डब्ल्यू.जी स्रोत पर कचरे को अलग करने, गीले कचरे को उसी स्थान पर संसाधित करने और सूखे कचरे तथा अवशिष्ट कचरे को अधिकृत निगम कचरा संग्रह एजेंसियों को सौंपने के लिए जिम्मेदार हैं। एमसीडी ने पंजीकरण प्रक्रिया की देखरेख करने, बी.डब्ल्यू.जी संचालन की निगरानी करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों की एक समर्पित टीम गठित की है।

## महर्षि दयानंद की शताब्दी पर महायज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्य समाज के आहवान पर जहांगीरपुरी दिल्ली में महर्षि दयानंद की 201 वी जन्म शताब्दी पर विशाल महायज्ञ का आयोजन हुआ । जिसमें दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने हजारों नर नारियों को गुटखा शराब नशों को छोड़ने का दिलाया संकल्प, जे0 जे0 कॉलोनीयों की महिलाओं, बच्चों ने यज्ञ में आहुतियां डालकर जीवन में बुराइयां दूर करने का व्रत लिया । विशाल यज्ञ कार्यक्रम में सभा प्रधान धर्मपाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा दिल्ली के प्रमुख सुरेंद्र रैली, महासचिव सतीश चड्ढा, प्रो0 प्रतिभा, जोगिंदर खट्टर, सुरेंद्र वैदिक ने सामाजिक उन्नति के ओजस्वी विचार रखें। यहां विधायक राजकुमार भाटिया ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयाग महाकुंभ तीर्थ यात्रियों के अकस्मात निधन पर दुख व्यक्त करते हुए महायज्ञ में भाग लिया तथा आत्मिक शांति प्रार्थना यज्ञ में 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी ।




## सीआईएसएफ के हवाले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत के एक दिन बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात की गई हैं। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ की एक कंपनी को भी रेलवे की सुरक्षा में लगाया गया है। दिल्ली पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के साथ मिलकर स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीसीटीवी निगरानी भी बढ़ा दी गई है और नियंत्रण कक्ष वास्तविक समय की फुटेज की निगरानी कर रहे हैं।ष उन्होंने बताया कि यात्रियों को मार्गदर्शन देने और घबराहट की स्थिति से बचने के लिए घोषणाएं की जा रही हैं। शनिवार की रात करीब 10 बजे भगदड़ हुई, ट्रेन की घोषणाओं में गड़बड़ी से भ्रमित यात्रियों की भीड़ एक सीढ़ी के जरिए प्लेटफॉर्म 16 की ओर भागी तो भदड़ मच गई।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे के बाद प्लेटफॉर्म और फुटओवर ब्रिज के साथ पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात की गई हैं। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीईएसएफ की एक कंपनी को भी रेलवे की सुरक्षा में लगाया गया है।

## यूनानी और आयुर्वेदिक चिकित्सा में योगदान देने वालों को पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हकीम अजमल खान की जयंती पर नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में ऑल इंडिया यूनानी टिब्बी कांग्रेस द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने वाले फार्मासिस्टों को प्रमुख हस्तियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इन फार्मासिस्टों में एडवांस पाकीजा पुणे के इंतिखाब आलम शेख, शिमला फार्मेसी हैदराबाद के डॉ हैदर नुमा, हकीम बकाई मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के मोहम्मद जुनैद, आसोज सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड बड़ौदा आयुर्वेद के नरेंद्र सावला, अल-हिक्मा फार्मेसी बरेली के मुजाहिद रजा खान, आईएमसी यूनानी बुलढाणा महाराष्ट्र के सादिक बावला आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूनानी से जुड़े राजनीतिक और सामाजिक वक्ताओं ने दवा साज का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज भी यूनानी ही गरीब और मध्यम वर्ग के लिए सबसे अच्छा इलाज है। इसलिए दवा निर्माताओं को अपनी कीमतें कम करने पर ध्यान देना चाहिए। वहीं दवा निर्माताओं ने यह भी भरोसा दिलाया कि हम पहले से ही दवाओं के दाम उचित मूल्य पर तय करते हैं और समाज का पूरा ख्याल रखते हैं। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक मोहम्मद नौशाद ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल दवा निर्माता बल्कि सभी यूनानी लोगों का हौसला बढ़ता है।



## जेईई मेन 2025 सेशन 1 के नतीजों ने फिर रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अनएकेडमी, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन-1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दर्शाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे।



## एनआईओएस की तैयार विषय-सूची में अरबी भाषा को भी शामिल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मर्कजी तालीमी बोर्ड बोर्ड के सचिव सैयद तनवीर अहमद ने एनआईओएस को एक पत्र लिखकर उसके द्वारा तैयार विषयों की सूची में अरबी भाषा को भी शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अरबी भाषा को एनआईओएस द्वारा तैयार किये गए विषय सूची में शामिल किया जाता है तो मदरसों में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में छात्रों को इसका लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। केंद्रीय शिक्षा नीति, एनईपी 2020, विदेशी भाषाओं को सीखने पर जोर देती है और छात्रों को उन्हें सीखने के लिए प्रोत्साहित करती है। ऐसे में, अरबी भाषा को शामिल करने से छात्रों में इस भाषा सीखने में रुचि जागृत होगी और विदेशी भाषा सीखने के लिए प्रेरणा मिलेगा। सैयद तनवीर अहमद ने एनआईओएस को सलाह दी कि जो छात्र उर्दू माध्यम से मैट्रिक और 12 वीं में परीक्षा देना चाहते हैं उन्हें गैर-उर्दू केंद्र में प्रवेश दिया जाना चाहिए।





दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना नई दिल्ली में आम चुनाव 2024 और दिल्ली विधान सभा चुनाव 2025 में सर्वोत्तम चुनावी अभ्यास के लिए राज्य पुरस्कार प्रदान करते हैं। दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र, एमसीडी के मुख्य सचिव अश्विनी कुंअर और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी साथ हैं

## दिल छू लेगा जैन संदेश: डॉ. जैना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अहिंसा, क्षमा,समझ और प्रेम का जैन समाज ने हमेशा ही अनुसरण किया है, भगवान महावीर के आदर्शोंऔर कार्यों के माध्यम से, यह सीरीज दर्शकों को जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों जैसे शांति,प्रेम और सहिष्णुता का एहसास कराएगी, यह सीरीज एक सशक्त और प्रेरणादायक कहानीके रूप में प्रस्तुत की गयी है, जो न केवल परिवार के हर सदस्य के लिए, बल्कि सभी आयु और धर्म व वर्गों के दर्शकों के लिएएक प्रेरणा बन सकती है, यह कहना था डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना का जिन्होंने प्रेसक्लब में मीडिया को सम्बोधित करते हुए अपनी आनेवाली सीरीज जैन संदेश के विषय में बताया जो जल्दही ओटीटी प्लेटफार्म्पर रिलीज होने वाली है, उन्होंने आगे बतायाकि यह सीरीज ष्जो एक परिवारिक ड्रामा है और इसमें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों औरजैन धर्म की शिक्षाओं का संदेश दिया गया है।। इसके संस्थापक और प्रमुख डॉ. इंजी. नियर राजेंद्र जैना, जिन्होंने इस परियोजना को अपनी भावनाओं और सिनेमाके प्रति गहरी रुचि के साथ आकार दिया है। सीरीज के प्रमुख किरदारों में डॉ. इंजी. नियर राजेंद्र जैना, राज राय, श्रद्धा वासदेव, रेनूपहाड़ी बसी, और श्याम सुन्दर शामिल में हैं।




# अंजुमन शिया-तुस-सफा ( रजि, ) की पहली संयुक्त कैबिनेट बैठक आयोजित

■ **सत्ता हस्तांतरण के साथ ही औकाफ की सुरक्षा से जुड़ी कार्ययोजना पर चर्चा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंजुमन शिया-तुस-सफा (पंजीकृत),जामा मस्जिद कश्मीरी गेट की नवनिर्वाचित कमेटी की आज पहली संयुक्त कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें गणमान्य लोगों की मौजूदगी में बेहद सुखद माहौल में सत्ता हस्तांतरण हुआ और औकाफ से जुड़े भविष्य के एजेंडे को अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर अंजुमन के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। शिया जामा मस्जिद कश्मीरी गेट में सोमवार को आयोजित अंजुमन शिया-तुस-सफा की पहली संयुक्त कैबिनेट बैठक 2022-24 और 2025-27 में पूर्व कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नवनिर्वाचित कमेटी को सत्ता हस्तांतरित करते हुए अपने उत्तराधिकारियों को बधाई दी और उन्हें तमाम जिम्मेदारियां सौंप दीं । इस दौरान पूर्व पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अंजुमन के तहत आने वाले औकाफ की सुरक्षा और अंजुमन के विकास समेत अन्य सभी मामलों में अपना पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि दिल्ली की करीब 126 साल पुरानी अंजुमन शिया-तुस-सफा (पंजीकृत) के द्विवार्षिक चुनाव 2025-27 के पिछले दिनों घोषित परिणामों के अनुसार अंजुमन के 8 पदाधिकारी और 12 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए हैं। अंजुमन के सभी निर्वाचित सदस्यों को कश्मीरी गेट स्थित शिया जामा मस्जिद में एक भव्य समारोह के दौरान शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अंजुमन के संरक्षक मौलाना सैयद मोहसिन तकवी, सरपरस्त शाकिर हुसैन अंसारी, मौलाना सरकार हुसैन के अलावा सभी पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि अशजे रजा जैदी ने पवित्र कुरान की तिलावत से समारोह की शुरुआत की, जिसके बाद मौलाना मोहसिन तकवी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को पद और कर्तव्यों की शपथ दिलाई। पूर्व महासचिव जाहिद मंजर ने अंजुमन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय कराया। उन्होंने उपस्थित लोगों को पिछले एक महीने से चल रही चुनावी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंजुमन शिया-तुस-सफा के चुनाव हर दो साल में होते हैं और इस वर्ष भी प्राचीन परंपरा के अनुसार 20 जनवरी को अधिसूचना जारी कर वर्ष 2025-27 के लिए 19 जनवरी 2025 को अंजुमन के चुनाव कराने की घोषणा की गई। नामांकन की तिथि 21-22 जनवरी निर्धारित थी और नामांकन पत्रों की जांच के बाद पात्र उम्मीदवारों के नामों की घोषणा 23 जनवरी को शाम 4 बजे की गई। उन्होंने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 24 जनवरी तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव प्रथम, संयुक्त सचिव द्वितीय, वक्फ सचिव , वित्त सचिव तथा प्रोपैगेंडा सचिव पदों के लिए एक-एक फार्म प्राप्त हुआ। इसी प्रकार 12 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 13 फार्म जमा हुए थे, लेकिन नाम वापसी के दिन एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस ले लिया। इस प्रकार 8 पदों के लिए 8 फार्म तथा 12 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 12 फार्म जमा हुए। जाहिद मंजर ने बताया कि मतदान की तिथि 23 फरवरी थी तथा उसी दिन शाम मतगणना व परिणाम घोषित होना तय था, लेकिन जितने पद उतने ही फार्म प्राप्त होने के कारण सभी को निर्विरोध चुना गया। घोषित परिणामों के अनुसार अंजुमन के पदाधिकारी के तौर पर कसीम हैदर रिजवी को अध्यक्ष ,शौकत अली को उपाध्यक्ष , सरफराज हुसैन को महासचिव , गुलरेज अली को संयुक्त सचिव प्रथम , जवाद हुसैन रिजवी को संयुक्त सचिव द्वितीय ,जहीर अब्बास को वक्फ सचिव , मुहम्मद सिब्तैन नकवी को वित्त सचिव तथा जावेद मिर्जा को प्रोपैगेंडा सचिव चुना गया । इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए मुहम्मद काजिम, शबाब हैदर आबिदी, रफाकत अब्बास, निशाने हैदर, नजमी रजा, मुहम्मद अजलाल, जफर हैदर, जफर हुसैन बेग, राशिद हुसैन, नातिक अब्बास, सैयद फैजान हुसैन व नजम इकबाल के नाम घोषित किए गए।

**हम बदला लेने के लिए नहीं बदलाव के लिए काम करेंगे : सरफराज हुसैन**

शपथ ग्रहण करने के बाद अंजुमन शिया-तुस-सफा के नवनिर्वाचित महासचिव सरफराज हुसैन ने अपने सभी पदाधिकारी साथियों को बधाई दी और कहा कि हमारे बुजुर्गों ने अवकाफ के लिए बड़ी सेवाएं दी हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। आज हम भी संकल्प लेते हैं कि वक्फ की रक्षा के लिए अब पहले से भी अधिक लगन और जिम्मेदारी के साथ निस्वार्थ सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कई तरह के चुनाव होते हैं, इसी तरह अंजुमन का चुनाव भी होता है, लेकिन इन दोनों चुनावों की संवैधानिक अवधारणाएं तो एक हैं, लेकिन इनके उद्देश्य पूरी तरह से अलग हैं। सरफराज हुसैन ने कहा कि इस चुनाव में जीत से ज्यादा उद्देश्य महत्वपूर्ण हैं। मेरा मानना है कि चुनाव लड़ रहे सभी साथियों के उद्देश्य एक ही हैं, इसलिए हम आज वादा करते हैं कि बदले के लिए नहीं बल्कि बदलाव के लिए काम करेंगे। इस चुनाव के बाद हम पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आती है, इसलिए हमें किसी इंसान के प्रति नहीं बल्कि अपने इमाम के प्रति जवाबदेह होना है, इसे ध्यान में रखते हुए हम काम करेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# हजारों व्यापारियों ने शालीमार गार्डन पुलिस थाने पर दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** हजारों व्यापारियों एवं क्षेत्र की जनता के साथ पूर्व डिप्टी मेयर अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी, भाजपा नेता पार्षद कालीचरण पहलवान, पार्षद रवि भाटी, मण्डल अध्यक्ष अशोक भाटी,पवन रेड्डी पूर्व पार्षद, पूर्व पार्षद विनय चौधरी, पूर्व पार्षद एस पी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजन आर्या, पार्षद किरणदेवी,व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रितपाल सिंह, पूर्वांचल समिति अध्यक्ष उदयभान ठाकुर, यादव समाज के अध्यक्ष भोपाल यादव, महिला समाज अध्यक्ष बबली चौहान, कैलाश यादव एवं समस्त आरडब्लूए, समस्त व्यापा. रिगण, समस्त मातृ शक्ति, समस्त शालीमार गार्डन क्षेत्रवासीगण और नौजवानो ने 2 किलो मीटर पैदल मार्च निकालकर शालीमार गार्डन पुलिस थाने पर धरना प्रदर्शन किया गया।

अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी पूर्व पार्षद, डिप्टी मेयर गाजियाबाद ने बताया कि एक महिला सुनीता उपाध्याय ने व्यापारी पंजाबी ढाबे वाले सुभाष से 10000 रुपए रंगदारी महीना मांगती है जिसका विरोध पंजाबी ढाबे वाले एवं क्षेत्रवासियों ओर व्यापारियों ने किया था पंजाबी ढाबे ने पुलिस में शिकायत दी थी इस महिला के खिलाफ पुलिस ने पंजाबी ढाबे वाले का मुकदमा दर्ज ना करके उल्टा व्यापारियों ओर भाजपा नेताओं पर मुकदमा दर्ज कर दिया। जिसका विरोध प्रदर्शन किया गया।

सरदार सिंह भाटी ने क्षेत्र की सभी जनता, सभी व्यापारियों, सभी कार्यकर्त्ता, सभी आरडब्लूए, समस्त मातृशक्ति ,सभी पदाधिकारियों, समस्त पत्रकार बंधुओं का धन्यवाद व्यक्त किया। पार्षद एवं साहिबाबाद विधानसभा युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि भाटी ने बताया हम व्यापारियों के साथ खडे हैं अगर व्यापारीवर्ग पर झूठे मुकदमे दर्ज होंगे तो हम सहन नहीं करेंगे। व्यापारियों पर हुआ झूठा मुकदमा वापिस होना चाहिए।

व्यापारियों के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह के साथ व्यापारियों ने अपना समर्थन देकर सभी दुकानें बंद करकर धरना प्रदर्शन में समर्थन किया है और व्यापारियों ने अपने बाल गंजे करके अर्धनग्न होकर शालीमार गार्डन पुलिस थाने पर प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि 3 दिन में जांच करके मुकदमा खत्म किया जाएगा और रंगदारी मांगने वाली महिला पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# चोरी की बैटरी बेचते समय तीन गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** थाना पुलिस ने हिसाली फाटक के पास स्थित ओकाया बैटरी के गोदाम से चोरी की गई बैटरी व इनवर्टर समेत तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है साथ ही लूटी गई बैटरी भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार बीती 13 फरवरी की रात्रि को ओकाया बैट्री के गोदाम से गेट तोड़कर बैटरी के गोदाम में चोरी की गई थी जिसकी शिकायत मुरादनगर पुलिस से की गई थी शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए काशिफ पुत्र सलीमुद्दीन निवासी मलिक नगर मुरादनगर कामिल पुत्र अख्तर निवासी ग्राम जलालाबाद सचिन पुत्र या जयभगवान निवासी बैंक आफ बडौदा वाली गली को गिरफ्तार कर चोरी की गई बैटरी बरामद कर ली है।

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि जो बैटरी बरामद की गई है वह उन्होंने हिशाली फाटक के पास स्थित ओकाया बैटरी के गोदाम से ताला तोड़कर चोरी की थी चोरी का माल उन्होंने कनौजा के जंगल में झाड़ियां में छुपा दिया था इनमें से कुछ बैटरी हमने जलालपुर में सोनू व मुला को दे चुके हैं इनमें से कुछ बैटरी बची हुई थी जिन्हें वह बेचे जा रहे थे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# विकास प्राधिकरण की नीलामी सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विकास प्राधिकरण द्वारा हिन्दी भवन, स्थित लोहिया नगर, गाजियाबाद में विभिन्न योजनाओं के रिक्त सम्पत्तियों की नीलामी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

इस नीलामी में स्वर्णजयन्तीपुरम योजना के कुल 27 आवासीय भूखण्डों की बिक्री से प्राधिकरण को 23,70,12,180.00 प्राप्त हुए, जिसमें फ्री-होल्ड शुल्क 12% 2,84,41,461.00 जोड़कर कुल आय 26,54,53,641.00 हुई। इसी क्रम में ब्रज विहार योजना के 02 आवासीय भूखण्डों की नीलामी से 1,32,99,850.00 की प्राप्ति हुई। इस प्रकार, प्राधिकरण को कुल 27,87,53,491.00 की आय प्राप्त होगी। स्वर्णजयन्तीपुरम योजना के अंतर्गत भूखण्ड संख्या-ई-142 की नीलामी 1,06,000.00 प्रति वर्ग मीटर की दर से तथा भूखण्ड संख्या-ई-158 की नीलामी 1,01,000.00 प्रति वर्ग मीटर की अधिकतम दर से हुई।

प्राधिकरण की अन्य योजनाओं में रिक्त सम्पत्तियों की नीलामी दिनांक 18 फरवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में आयोजित की जाएगी।

### आईटीएस डेंटल कॉलेज में किया गया

# विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस के अवसर पर लेक्चर का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज के ओरल सर्जरी विभाग द्वारा विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेषियल सर्जन दिवस मनाया गया। जिसमें संस्थान के 250 से अधिक बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी तथा दंत चिकित्सक सर्मिम्लत थे। यह दिन ओरल सर्जरी की विषेषता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये दुनिया भर के ओरल एंड मैक्सिलोफेषियल सर्जनों की प्रेरक भूमिका को याद कराता है।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथि वक्ता डॉ शुभम गर्ग एवं संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी तथा डॉ अरूणकुमार केवी, प्रोफेसर, डॉ अमित गुप्ता, प्रोफेसर ओरल सर्जरी विभाग के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी उपस्थित रहें। संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी ने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनका आभार प्रकट किया। इसके बाद डॉ अरूणकुमार केवी, द्वारा सभा को संबोधित किया तथा उन्होंने कार्यक्रम की विशेषताओं के बारे में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम के अतिथि वक्ता डॉ शुभम गर्ग वर्तमान में धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, दिल्ली के निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार थे। डॉ शुभम द्वारा गले और मुख के कैंसर के विषय पर एक लेक्चर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने लेक्चर के दौरान गले और मुख के कैंसर के उपचार के प्रक्रिया की भूमिका के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न गले और मुख के कैंसर प्रक्रिया को पूरा करने के बारे में भी प्रशिक्षित किया, जिसके माध्यम से मरीजों को नवीनत प्रक्रियाओं के साथ उपचार प्रदान किया जा सकें।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढते हुये गले और मुख के क्षेत्र में सभी दंत चिकित्सकों के ज्ञान को बढ़ाना था। इसके साथ ही वक्ता डॉ शुभम ने विद्यार्थियों एवं दंत चिकित्सकों के लिये आयोजित इस ज्ञानवर्धक मंच के लिये संस्थान को धन्यवाद देते हुये लेक्चर का समापन किया। अंत में डॉ अमित गुप्ता, प्रोफेसर, ओरल सर्जरी विभाग द्वारा सभी को धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया गया तथा इस सफल कार्यक्रम के लिए सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# रणवीर दहिया के आवास पर हुआ रालोद जिलाध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त गाजियाबाद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी का मोदीनगर में रालोद के प्रदेश सचिव रणवीर दहिया के आवास पर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस भरोसे के साथ जयंत चौधरी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है उसका वे पूर्ण रूप से निर्वाहन करेंगे व पार्टी की नीतियों से अधिक से अधिक लोगो को अवगत कराते हुए रालोद से जोड़ने का काम करेंगे। रणवीर दहिया ने कहा कि रामपाल चौधरी बहुत पुराने समय से जनसेवा व राजनीति से जुड़े हुए हैं यह उनकी छवि ही है कि उन्हें रालोद के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है उनके नेतृत्व में पार्टी बहुत विस्तार करेगी। इस दौरान गौरव चिकारा, बिट्टू खंजरपुर, संजीत नेहरा, वीरेन्द्र चौधरी सहित दर्जनों रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूनिटी फिजियोथैरेपी एवं पुनर्वास सेंटर का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार यूनिटी फिजियोथैरेपी एवं पुनर्वास सेंटर का शुभारंभ विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा/प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बीके शर्मा हनुमान ने कहा की मौजूदा दौर में ज्यादातर लोग जहां जरूरत के अनुसार अपने शरीर से श्रम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं अधिक देर तक कंप्यूटर व मोबाइल पर बैठकर काम करने से उनके हड्डियों और मांसपे. शियों में भी खिंचाव आना शुरू हो जाता है। ऐसे तमाम तरह के शारीरिक समस्याओं के लिए फिजियोथेरेपी पद्धति काफी कारगर और लाभकारी पद्धति है। बीके शर्मा हनुमान ने यह भी बताया की मौजूदा समय में अधिकांश लोग दवाइयों से बचने के लिए अपना रुख फिजियोथेरेपी की ओर कर रहे है। यह पद्धति न केवल कम खर्चीला है, बल्कि इस पद्धति का कोई दुष्प्रभाव भी नही होता है, फिजियोथेरेपी इंसान के शारीरिक गतिविधियों से जुड़ी एक बेहतर चिकित्सा पद्धति है जो इंसानों के निष्क्रिय हो चुके अंगों को भी क्रियाशील बनाने का काम करती है। यूनिटी फिजियोथैरेपी एवं पुनर्वास केंद्र का संचालक डॉ रिजवान अहमद ने बताया कि हमारे सेंटर में घुटने का दर्द, कंधे का दर्द, जमे हुए कंधे, सर्वाइकल दर्द, माइग्रेन सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, चेहरे का पक्षाघात, ऑपरेशन थेरेपी, पोस्ट टी के आर थेरेपी, कपिंग थेरेपी आदि का इलाज संतोषजनक होगा। इस अवसर पर डॉ मुबाशिर अली, हाजी अहमद उमर पूर्व कैप्टन, नानक चंद, डॉ नदीम अहमद, अफजल खान, रामकिशोर, मदनी आलम, शहादत चौधरी, शाह आलम एडवोकेट, बृजपाल शर्मा, सहावेज चौधरी, सुभाष शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### जय श्री राम ग्रुप सेवा सदन ट्रस्ट ने

# शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जय श्री राम ग्रुप सेवा सदन ट्रस्ट के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजीव शर्मा व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष अनिल गुप्ता द्वारा महामंत्री पद पर विपिन कुमार उपाध्याय, जय शिव प्रताप चौयरमेन, नितिन मित्तल, अशोक कुमार कोषाध्यक्ष, गोविंद सिंह, अनुज पंडित, मयंक, जयकांत, पिंटू राजपूत, कृष्णा गौतम, रामविलास, योगेश सिंघल, अमित गोयल, रोहित, दिनेश कश्यप आदि को निम्न पदों पर नियुक्त किया गया। बैठक में चौकी प्रभारी अनूप सिंह, यशपाल सिंह, विनीत दत्त पार्षद उदित मोहन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने की विशेष डायबिटिक फुट केयर क्लीनिक की शुरुआत






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल वैशाली ने हाल ही में अपने विशेष और समर्पित डायबिटिक फुट क्लिनिक की शुरुआत की है। यह क्षेत्र में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका उद्देश्य डायबिटिक फुट जटिलताओं के गंभीर परिणामों को रोकना है।

यह क्लिनिक मधुमेह रोगियों को पैरों की देखभाल करने, चोटों से बचने, गतिशीलता बनाए रखने और विच्छेदन (एम्पुटेशन) से बचाव के प्रति जागरूक और शिक्षित करने के लिए शुरू किया गया है। डायबिटिक फुट केयर के महत्व को समझाते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली के वैस्कुलर और एंडोवैस्कुलर सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. कपिल गुप्ता ने कहा कि "मधुमेह रोगियों में न्यूरोपैथी, खराब रक्त संचार और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण पैर की जटिलताओं का जोखिम अधिक होता है। हमारा नया डायबिटिक फुट क्लिनिक विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें घावों (अल्सर) का उपचार, संक्रमण प्रबंधन, और वैस्कुलर जांच शामिल है, ताकि पैरों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे।

डायबिटिक फुट जटिलताओं को रोकने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण बेहद आवश्यक है। हमारा क्लिनिक उन्नत डायग्नोस्टिक्स और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ व्यक्तिगत उपचार प्रदान करता है, ताकि संक्रमण और संभावित एम्पुटेशन के जोखिम को कम किया जा सके। डॉ. गुप्ता ने आगे कह कि डायबिटिक फुट की जटिलताओं को जल्द पहचान और समय पर हस्तक्षेप के माध्यम से रोका जा सकता है। साथ ही, हम समझते हैं कि डायबिटिक फुट हेल्थ का प्रबंधन एक मल्टी डिसिप्लिनरी एप्रोच की मांग करता है। हमारा क्लिनिक एंडोक्रिनोलॉजी, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, प्लास्टिक सर्जरी और रिहैबिलिटेशन के विशेषज्ञों के साथ समन्वित परामर्श प्रदान करता है, जिससे मरीजों को संपूर्ण देखभाल मिल सके।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली में डायबिटिक फुट क्लिनिक की शुरुआत अस्पताल की मधुमेह देखभाल को उन्नत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं और एक समर्पित टीम से लैस यह क्लिनिक डायबिटिक फुट से जुड़ी समस्याओं के व्यापक मूल्यांकन और अनुकूलित उपचार प्रदान करता है, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाया जा सके और उनकी जीवन की गुणवत्ता को उन्नत किया जा सके।

# अपार आईडी में पिछड़ा शिक्षा विभाग सीडीओ ने लगाई फटकार



**गाजियाबाद।** शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के तेवर बेहद आक्रामक रहे जिन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत प्रताप की जाए। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने सख्त दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों के अपर आईडी शत प्रतिशत बनवाना सुनिश्चित करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ स्कूली बच्चों तक पहुंच सके।

पिछले माह की समीक्षा बैठक के निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर सर्वप्रथम प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें एआरपी के चयन में कठोर मानको का अनुपालन स्वयं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा करने, डीबीटी प्रक्रिया मे बाधक सीडिड बैंक खाता को पोस्ट ऑफिस खाता खुलवाने का कैंप लगाने की समीक्षा की। सीडीओ महोदय ने निर्देश दिया कि अपार आईडी को प्राथमिकता के स्तर पर बनवायें। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालयों में उपस्तिथि को बेहतर करने, स्पॉट एसेसमेंट को शत प्रतिशत पूर्ण करने, सहयोगात्मक पर्यवेक्षक की वैलिड विजिट करने, नए एआरपी के चयन के आवेदन प्रक्रिया 23 फरवरी तक पूर्ण करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियो को दिया। बैठक में डायट उपप्राचार्या ज्योति दीक्षित, वरिष्ठ प्रवक्ता शाहीन, बीएसए ओ. पी. यादव, माध्यमिक शिक्षा डीसी पवन भाटी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान, नरेंद्र कुमार, महिमा, सर्वेश कुमार, इशक लाल, विश्वजीत राठी, डीसी रुचि त्यागी, अरविंद शर्मा, टिंकू कंसल, विश्वास गौतम, कुणाल मुद्गल, दिनेश सभी एसआरजी पूनम शर्मा, विनीता त्यागी, देवांकुर, सभी एआरपी, चिंपल ऐप, सेंटर स्क्वायर फाऊंडेशन तथा प्रथम संस्थान से सभी प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# आईटीएस कॉलेज में किया गया अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कॉलेज ऑफ फार्मेसी प्रोफेशनल्स एसोसिएशन, दिल्ली, एन.सी.टी शाखा, ए.पी.पी वेस्ट इंडीज अंतर्राष्ट्रीय शाखा तथा ए. पी.पी फार्मा एण्ड हैल्थकेयर मैनेजमेंट डिवीजन के सहयोग से ''ड्रग्स डिजाइन, डिस्कवरी और फार्मास्यूटिकल साइंसेज में रुझान और चुनोतियाँ'' नामक शीर्षक पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिगण और सुरेन्द्र सूद डारेक्टर- पी.आर, आई.टी.एस-दि एजुकेशन ग्रुप, डॉ. एस. सदीश कुमार निदेशक, डॉ. राजकुमारी डीन, आई. टी.एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

डॉ. एस सूद ने कहा कि इस कार्यक्रम मे छात्रों को दवा डिजाइन और खोज के नैदानिक पहलुओं पर ज्ञानवर्धन होगा। डॉ. एस सदीश कुमार ने सभी डेलिगेट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कॉन्फ्रेंस ड्रग्स डिस्कवरी और डवलपमेन्ट को जोड़ने का कार्य करेगी तथा ड्रग्स डिजाइन के क्षेत्र मे छात्रों के ज्ञान में वृद्धि करेगी। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रो. राजीव दहिया, चिकित्सा विज्ञान संकाय, वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय, सेंट ऑगस्टीन, ट्रिनिडाड और टोबैगो ने बताया कि साइक्लो पैपटाइड को एंटिकैंसर, एंटिमलेरिया, एंटीबैक्टीरियल, एंटिवाइरल के रूप में प्रयोग कर सकते है तथा यह शिक्षा अनुसंधान व फार्मास्यूटिकल कंपनियों के लिए एक आकर्षक क्षेत्र है। डॉ. सिमोन फे वालकॉट, सह-संयोजक एवं उपाध्यक्ष, एपीपी वेस्ट इंडीज अंतर्राष्ट्रीय शाखा ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य फार्मास्यूटिकल के क्षेत्र मे भारत व कैरिबियन देशों के मध्य शैक्षिक व औद्योगिक साझेदारी को मजबूत करना है। प्रो. अजय शर्मा, फार्माकोग्नॉसी और फाइटोकेमेस्ट्री विभाग, फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल, दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली ने औषधीय पौधों के पदार्थो की गुणवत्ता नियंत्रण व मानकीकरण के बारे में बताया तथा उन्होंने कहा कि हर्बल तकनीक पारंपरिक औषधियों व आधुनिक फार्मास्यूटिकल के मध्य एक पुल की भांति कार्य करता है। आज पूरे संसार को हर्बल उत्पादों को स्वीकार करने की जरूरत है।

प्रो. ज्योति श्रीवास्तव, फार्मेसी संकाय, स्वास्थ्य देखभाल और संबद्ध विज्ञान स्कूल, जी.डी. गोयनका विश्व. विद्यालय, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा ने ए एस.एम आर. का अल्जाइमर, न्यूरोट्रांसमीटर डिसऑर्डर पर पडने वाले प्रभाव के बारे में बताया। सम्मेलन में देश - विदेश जैसे इथोपिया, वेस्ट इंडीज - कैरिबियन देशों के 900 से अधिक छात्रों व डेलीगेट्स ने भाग लिया तथा 300 से अधिक रिसर्च पेपर प्रदर्शित हुए। इस अवसर पर डॉ. आर. पी चढढा, चेयरमैन व अर्पित चढढा, वाइस-चेयरमैन, आई.टी.एस-दि एजुकेशन ग्रुप ने कॉन्फ्रेंस मे भाग लेने वाले सभी छात्रों व डेलीगेट्स को उनके अनुसंधान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस से छात्रों व शिक्षकों को ड्रग्स डिजाइन, डिस्कवरी और फार्मास्यूटिकल साइंसेज में रुझान और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त हुई।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद चिकित्सा व्यवस्था पर उठे सवाल

**हादसे की स्थिति में दिल्ली के अस्पतालों में आसान नहीं इलाज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं। दिल्ली में सफदरजंग, आरएमएल, एम्स, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, लोकनायक, जीटीबी, डीडीयू, अंबेडकर जैसे कुछ चुनिंदा बड़े अस्पतालों पर इमरजेंसी सेवाओं का दारोमदार है। इनमें से ज्यादातर अस्पतालों में गंभीर मरीजों को इमरजेंसी की स्थिति में भी आसानी से बेड नहीं मिल पाता।

मरीज इमरजेंसी में इलाज के लिए भटकने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थिति में किसी बड़े हादसे की स्थिति में अस्पतालों में इलाज मिलना आसान नहीं है। वैसे अस्पतालों में आपदा जैसी स्थिति से निपटने के लिए प्रोटोकॉल बना हुआ है। इस प्रोटोकॉल के तहत अस्पतालों में आपदा वार्ड चिह्नित हैं और घटना के आधे घंटे के अंदर आपदा वार्ड सक्रिय हो सकता है।

सफदरजंग अस्पताल में दिल्ली ही नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा इमरजेंसी ब्लॉक है। इसमें 500 बेड की सुविधा है। सफदरजंग अस्पताल प्रशासन ने बाकायदा 20 सदस्यीय आपदा प्रबंधन कमेटी बना रखी है। रैपिड रिस्पांस टीम भी है। जिसमें विभिन्न संकायों के विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल होते हैं।

150 आपदा बेड निर्धारित हैं। अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि इमरजेंसी अलार्म बजते ही आधे घंटे में आपदा वार्ड सक्रिय हो जाएगा। जरूरत पर 100-150 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था भी की जा सकती है। अस्पताल ने इमरजेंसी ब्लॉक के वार्ड ए व वार्ड बी को चिह्नित कर रखा है। जिसे आपदा की स्थिति में तुरंत खाली कराया जा सकता है।

ट्राली रिजर्व रहती है। इसकी संख्या इमरजेंसी में बढ़ाई जा सकती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जैसे हादसे में ऑर्थोपेडिक, एनेस्थीसिया व सर्जरी के डॉक्टरों की जरूरत होती है। 264 बेड की क्षमता वाले एम्स ट्रामा सेंटर भी आपदा जैसी स्थिति से निपटने की तैयारी रहती है।

आरएमएल अस्पताल की इमरज.ेंसी में मेडिसिन, सर्जरी व पीडियाट्रिक इमरजेंसी के लिए करीब 200 बेड की सुविधा है।

## दिल्ली में भूकंप का केंद्र होना चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह जब ज्यादातर लोग सो रहे थे तभी भूकंप के झटका महसूस किया गया। इससे सहमे बहुत लोग घरों से बाहर निकल गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलाजी के अनुसार सुबह 5 बजकर 36 मिनट 55 सेकेंड पर यह भूकंप आया।रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता चार मापी गयी। भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौलाकुआं में जमीन से पांच किलोमीटर नीचे था। जानकारी के अनुसार, भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौलाकुआं स्थित झील पार्क के पास था। इससे पहले इसी जगह पर 25 नवंबर 2007 को भूकंप आया था। तब भूकंप की तीव्रता 4.6 थी। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई और दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में हाईराइज सोसाइटी में रहने वाले लोग घरों से बाहर आ गए।

## क्यूरेट कला प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मैजिक विद एवरी स्ट्रोक नामक छह दिवसीय राष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन गांधी दर्शन आर्ट गैलरी गांधी स्मृति, राजघाट, दिल्ली में 18 से 23 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है ,प्रदर्शनी आयोजक और क्यूरेटर पारुल भगत ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन विजय गोयल वाइस वाइस चेयरपर्सन गांधी दर्शन और गांधी स्मृति करेंगे। प्रदर्शनी सभी विधाओं के कलाकारों को एक छत्र के नीचे मंच प्रदान करेगी, जिसमें कलाकार आधुनिक और समकालीन कलाकृतियों के माध्यम से अपने विषयों के बारे में विचारों का संचार करेंगे। देश विदेश के 40 से अधिक





कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया है राज बलराम, पारुल भगत, मौर्य राजेश कुमार, अभिषेक वर्धन सिंह, पिंकी लाहिड़ी, गौरव सैनी, रश्मी नाग, बिकास दास, सात्विक गर्ग, वनिता, डॉ. अंजलि निगम, प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकार है ।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट को मिली एएसीएसबी मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, जिनके कैंपस लखनऊ, नोएडा, जयपुर और इंदौर में हैं, को एएसीएसबी इंटरनेशनल से मान्यता मिली है। इस उपलब्धि के साथ संस्थान दुनिया भर के 6 फीसदी से भी कम और भारत के 1 फीसदी बिजनेस स्कूलों की श्रेणी में आ गया है।

इस बाबत शरद जयपुरिया, चेयरमैन, जयपुरिया ग्रुप ने कहा जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट के चारों कैंपस (लखनऊ, नोएडा, जयपुर और इंदौर) में हमारी लीडरशिप टीम, छात्रों, फैकल्टी, स्टाफ एवं प्रशासन के समर्पित प्रयासों के चलते हमें दुनिया के अग्रणी बिजनेस स्कूलों में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के महत्व पर रोशनी डालते हुए, श्रीवत्स जयपुरिया, वाईस चेयरमैन, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट ने कहा, ''एएसीएसबी मान्यता मिलने से संस्थानों के छात्रों के लिए करियर के बेहतर अवसर सुनिश्चित होते हैं, वे दुनिया भर में बेहतर नौकरियां और अच्छा वेतन पा सकते हैं।

## 24 से 26 फरवरी तक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारत धर्माचार्य पीतम के महासचिव,वाराणसी,श्री अयोध्या राम चौरिटेबल ट्रस्ट अयोध्या, उत्तर प्रदेश के खजांची,सनातन धर्म भक्त पेरिका सुरेश ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों को सूचित किया कि उनके सौजन्य और ईश्वर की कृपा से 24 फरवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महान संत प्रयागराज के आध्यात्मिक महत्व,त्रिवेणी संगम में स्नान और दान के गुणों,कुंभ मेला कैसे शुरू हुआ और इसका आध्यात्मिक पहलू क्या है,अमृत स्नान क्या है आदि पर प्रकाश डालेंगे। उन्होंने कहा कि सांसारिक दुनिया से पूरी तरह से दूर रहने वाले नागा साधु महाकुंभ के दौरान प्रयागराज कैसे पहुंचते हैं, धार्मिक गुरु भी ईश्वर और प्रकृति के इस नियम के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। 25 फरवरी को हमें श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के मुख से श्रीमद भागवत कथा का आनंद लेने का दुर्लभ अवसर मिलेगा।

## यमुना साफ होगी तीन साल में, मशीनें नियमित करेंगी यमुना की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना को साफ और स्वच्छ बनाने की दिशा में काम तेज करते हुए यमुना में कचरा उठाने वाले स्किमर, खरपतवार हटाने वाले यंत्र और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट को उतारा गया। यह मशीनें नियमित यमुना की सफाई करेंगी।

इसे लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मुख्य सचिव और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ बैठक की थी। बैठक में दोनों को यमुना की सफाई को लेकर तुरंत काम शुरू करने का आदेश दिया। यमुना साफ करने के लिए चार सूत्री काम किया जाएगा। इसके तहत सबसे पहले यमुना के बहाव में जमा कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। साथ ही नजफगढ़ नाले, पूरक नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

यमुना में गिरने वाले गंदे पानी को साफ करने के लिए बनाए गए एसटीपी



की क्षमता और उत्पादन की दैनिक निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में करीब 400 एमजीडी सीवर के उपचार की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी-डीएसटीपी सहित अन्य के निर्माण को लेकर एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी। साथ ही इन्हें जल्द से जल्द चालू किया जाएगा।

बता दें कि यमुना की सफाई का काम जनवरी 2023 में मिशन मोड में शुरू हुआ था, जब एनजीटी ने एलजी सक्सेना की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) का गठन किया था। बाद में कोर्ट के आदेश पर एनजीटी के आदेश पर रोक लगवा दी। उसके बाद यमुना की सफाई का काम प्रभावित हुआ।

## सोशल क्लब का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द लक्स लीग ने अपने भव्य उद्घाटन का जश्न मनाया। इस एक्सक्लूसिव इवेंट में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें सेलिब्रिटीज, राजनेता, इंफ्लुएंसर्स और व्यापार जगत के



नेता शामिल थे, जो एक शाम भर के लिए शानदार मनो. रंजन और बेजोड़ नेटवर्किंग के अवसर पर एकत्रित हुए थे।शाम की प्रमुख आकर्षण थी चार्ट-टॉपिंग सिंगर लेक्का की लाइव परफॉर्मेंस, जिसने अपनी दिव्य आवाज और ऊर्जा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले अरीजीत सिंह और बादशाह जैसे संगीत दिग्गजों के साथ मंच साझा करने वाली लेक्का का प्रदर्शन रात को शुरू करने का आदर्श तरीका था। इसके अलावा, प्रमुख डीजे जैसे डीजे ट्रिविकेड, डीजे जुगनी और अंकुर भसीन की बिजली सी तेज परफॉर्मेंस ने श्रोताओं को सुबह तक मंत्रमुग्ध किया।




नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव 'आदि महोत्सव' के उद्घाटन के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## वर्किंग जर्नलिस्ट क्लब के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली।** वर्किंग जर्नलिस्ट क्लब के 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर आईटीओ स्थित उर्दू घर में श्वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता की समस्याएंश विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली हस्तियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. सैयद फारूक ने की। भारत सरकार के पूर्व राजदूत मीम अफजल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत हाफिज गुफरान अफरीदी द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से हुई।क्लब के अध्यक्ष फरजान कुरैशी ने क्लब की स्थापना और इसके लक्ष्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018 **शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110016
**website: website: www.truhomefinance.in**

**कब्जा सूचना**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है।

उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्यिों का प्रयोग करते हुए दिनांक **15 फरवरी, 2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।

**उधारकर्ता का नाम और पता**

**श्री राजेश कुमार पुत्र श्री गुलाब शंकर**
**मकान नंबर 3993, गली बराना, नियर-बड़ा टूटी चौक सदर बाजार, दिल्ली-110006.**
**इसके अलावा: एमपीएल नंबर 4002 और 4003, ग्राउंड फ्लोर की दुकानें, गली बरना, सदर बाजार, दिल्ली-110006.**
**इसके अलावा: गांव- हरदासपुर, बीरापुर, हंडिया, जिला-प्रयागराज, उत्तर प्रदेश- 221503.**
**श्रीमती संजना पत्नी श्री राजेश कुमार तिवार**
**मकान नंबर 3993, गली बराना, नियर-बड़ा टूटी चौक सदर बाजार, दिल्ली-110006.**

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

**रू. 42,79,150/- (रुपये बयालीस लाख उनासी हज़ार एक सौ पचास मात्र) ऋण खाता नं के संदर्भ में SLPHDLHI0002277**
**09-अक्टूबर-2024 तक संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज के साथ।**

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

**वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर. एमपीएल नंबर 4002 और 4003, भूतल पर दुकानें लॉफ्ट के साथ, (छत स्तर तक छत के अधिकार के बिना) क्षेत्रफल 26.33 वर्ग, गज, गली बारना, सदर बाजार, दिल्ली-110006.**
**उक्त संपत्ति की सीमाएँ:- उत्तर: अन्य दुकान, दक्षिण: अन्य दुकान**
**पूर्व: गली, पश्चिम: अन्य संपत्ति**

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

**स्थान: दिल्ली** **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
**दिनांक: 15.02.2025** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल।**

पत्रांक: 1997/X-6 **नोटिस** दिनांक: 28/01/2025

**1. गीतान्जली आनन्द पुत्री स्व0 श्री के0 के0 आनन्द निवासी ओकवुड भवन अयारपाटा निकट केनफील्ड मल्लीताल नैनीताल। 2. श्री गीतेश्वर आनन्द पुत्र स्व0 श्री के0 के0 आनन्द निवासी पी0 2ए 024 प्रिन्सटन स्टेट निकट जैनपैक्ट बिल्डिंग डी0एल0एफ0 सीटी फेस-5 सिकन्दरपुर घोसी (68) गुड़गांव हरियाणा। 122002. 3. श्री गीताम्बर आनन्द पुत्र स्व0 श्री के0 के0 आनन्द निवासी सी 226 सेक्टर 44 नोएडा गौतमबुद्धनगर उ0प्र0। 201301.**

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) के अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं0 9 भवन संख्या 62 आनन्द हाउस केन फील्ड मल्लीताल नैनीताल सम्पत्ति है जो कि पालिका अभिलेखानुसार श्री के0 के0 आनन्द पुत्र स्व0 श्री एल0 बी0 आनन्द के नाम से दर्ज चली आ रही है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्टी मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन एवं वार्षिक भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रय लेखपत्र दिनांक 02-05-1992 एवं 22-11-1997 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति को Futura Dresses Private Limited Company के नाम से पंजीकृत किया है। उक्त सम्पत्ति के स्वामी श्री के0 के0 आनन्द की मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र के आधार पर उपरोक्त सम्पत्ति को Futura Dresses Private Limited Company Nainital का नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वंय या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनाँक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधी समाप्त होने वाले दिनाँक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी,**
नगरपालिका परिषद, नैनीताल।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता / निर्माण, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली दवारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से ओपन ई-टेन्डर सिंगल पैकेट पद्धति के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा के प्रकार | ई-निविदा (सिंगल पैकेट) |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 287-सिग./नि./ति.ब्रिज/73/25 |
| 3 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में चंदौसी जंक्शन-अलीगढ़ जंक्शन सेक्शन के बीच समपार सं. 36/B कि.मी. 69/13-14 और लखनऊ जंक्शन - मुरादाबाद जंक्शन के बीच पिताम्बरपुर यार्ड में समपार सं. 352/C कि.मी. 1288/17-19 पर फ्लाईओवर के निर्माण के सबध में आवश्यक संकेत एवं दूरसंचार उपकरणों के यूटिलिटी शिफ्टिंग के प्रावधान हेतू। |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 44,88,337.64/- |
| 5 | निविदा फार्म की लागत | शून्य |
| 6 | बोली प्रतिभूति | Rs. 89,800/- |
| 7 | कार्य समापन की अवधि | 06 माह |
| 8 | निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने एवं खुलने का पता | दिनांक 17.02.2025 से 12.03.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 9 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 17.02.2025 से 12.03.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | निविदा फार्म जमा करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 26.02.2025 से 12.03.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जमा किया जाना है। |

**पत्र सं. 287-सिग./नि./ति.ब्रिज/73/25 दिनांक 17.02.2025** 548/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

Truhome FINANCE

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
**फोन:** 1800 102 4345 ; **वेबसाईट:** website: www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मंजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरा लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018
**शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110016.

**परिशिष्ठ-IV-A** (नियम 9(1) का प्रावधन देखें) **निजी संधि के माध्यम से नीलामी सह बिक्री**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता के लिए और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर के लिए कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। ई-नीलामी में **दिनांक 10 मार्च 2025 को सुबह 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे के बीच ई-नीलामी में 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा। ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) को बकाया राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों से, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा और वेतन वृद्धि भी नीचे दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | 13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्री मोहम्मद जुबैर पुत्र मोहम्मद रियासत**<br>**फ्लैट नंबर 3/2, पहली मंजिल, कृष्णा अपार्टमेंट, हरि नगर आश्रम, सलीमार सिनेमा के पास, दिल्ली-110014.**<br>**इसके आलवा: मकान नंबर 90-ए, कोट उस्मान मंजिल के पास, बस्ती हज़रत, निज़ामुद्दीन दिल्ली -110013.**<br>**इसके अलावा: # 3/2, बगीची नंबर 3, पहली मंजिल, खसरा नंबर 275, गांव- किलोकरी, हरि नगर आश्रम, नई दिल्ली-110014.**<br>**श्री मोहम्मद रियासत पुत्र मोहम्मद रफीक**<br>**फ्लैट नंबर 3/2, पहली मंजिल, कृष्णा अपार्टमेंट, हरि नगर आश्रम, सलीमार सिनेमा के पास, दिल्ली-110014.**<br>**इसके अलावा: # 3/2, बगीची नंबर 3, पहली मंजिल, खसरा नंबर 275, गांव- किलोकरी, हरि नगर आश्रम, नई दिल्ली-110014.**<br>**इसके अलावा: मकान नंबर 90-ए, कोट उस्मान मंजिल के पास, बस्ती हज़रत, निज़ामुद्दीन दिल्ली - 110013.**<br>**श्रीमती शीरी गुल पुत्री श्री खुर्शीद आलम**<br>**फ्लैट नंबर 3/2, पहली मंजिल, कृष्णा अपार्टमेंट, हरि नगर आश्रम, निकट- सलीमार सिनेमा, दिल्ली - 110014.**<br>**इसके अलावा: हाफ़िज़ बन्ने के पुलिया, सामने-बकर कसाब वाली मस्जिद, मुगल पुरा-1, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001.**<br>**इसके अलावा: # 3/2, बगीची नंबर 3, पहली मंजिल, खसरा नंबर 275, गांव- किलोकरी, हरि नगर आश्रम, नई दिल्ली-110014.**<br>**कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार**<br>**26-दिसम्बर-2024 और भौतिक कब्जा**<br>**भार ज्ञात - ज्ञात नहीं** | 10- जुलाई- 2024<br>रु. 43,16,543/- (रु. तैंतालीस लाख सोलह हजार पांच सौ तैंतालीस मात्र) 06-07-2024 को संदर्भ में ऋण खाता संख्या SBTHGPRK0000623<br>और<br>रु. 16,24,589/- (रु. सोलह लाख चौबीस हज़ार पाँच सौ नवासी मात्र) 06-07-2024 को संदर्भ में ऋण खाता संख्या STUHGPRK0000841<br>अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि के साथ। | रू. 55,00,000/- (रूपये पचपन लाख मात्र)<br>**बोली वृद्धि:** रू. 10,000/- और ऐसे गुणकों में<br>**धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)**<br>रू. 5,50,000/- (रूपये पांच: लाख पचास हज़ार मात्र)<br>**ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक 07 मार्च, 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक** | ईएमडी राशि आरटीजीएस /एनईएफटी के माध्यम से निम्न वर्णित खातों में जमा किया जा सकता है।<br>**बैंक का नाम-** एक्सिस बैंक लिमिटेड<br>**शाखा -** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई<br>**बैंक खाता सं.-** चालू खाता नं. 911020045677633<br>IFSC CODE-UTIB0000230 | 10 मार्च 2025 & समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | **संजीव शर्मा फोन नं. 011-40725822**<br>**कस्टमर केयर नं. 022-40081572**<br>**सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 04 मार्च 2025 11:00 बजे से 04:00 बजे तक** |

**सम्पत्ति का विवरण**

**यह सभी हिस्से और पार्सल पर संपत्ति नंबर. 3/2, बगीची नंबर 3, पहली मंजिल, दोनों तरफ का हिस्सा, बिना छत के, खसरा नंबर 275, क्षेत्रफल 134 वर्ग गज, गांव- किलोकरी, हरि नगर आश्रम, नई दिल्ली -110014.**
**उक्त संपत्ति की सीमाएं:- उत्तर- 8 फीट चौडी गली, दक्षिण: अन्य संपत्ति, पूर्व: मकान नंबर 3/1, पश्चिम मकान नंबर 3/3**

**बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों, बोली फॉर्म और अन्य के लिए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट** https:www.bankeauctions.com **पर आयोजित की जाएगी, लिमिटेड, पता: - प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003। किसी भी सहायता के लिए, आप ईमेल आईडी:** tn@c1india.com, support@bankeauctions.com **पर ईमेल लिख सकते हैं। आप नीलामी एजेंसी से भी संपर्क कर सकते हैं. दूरभाष: +91-124-4302020 फैक्स: +91-124-4302010** www.c1india.com. **किसी भी प्रश्न के मामले में बोलीदाता उपर्युक्त तालिका में उल्लिखित अधिकारी से संपर्क कर सकता है।**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं को नीलामी से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएगी। गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संपत्ति के अंदर मौजूद सभी चल वस्तुओं को वापस ले लें।

ध्यान दें: कृपया ध्यान दें कि सुरक्षित ऋणदाता सभी उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा बिक्री नोटिस जारी करने जा रहा है। यदि यह किसी भी पक्ष को प्राप्त नहीं होता है, तो बिक्री सूचना के इस प्रकाशन को सेवा का एक प्रतिस्थापित तरीका माना जा सकता है।

स्थान:- दिल्ली एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
दिनांक:- 18.02.2025 (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

# ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग युवक की मौत

## बचपन से ही गांव ब्रह्मणपुट्टी में एक किसान के यहां करता था नौकरी, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को रेलवे लाईन क्रॉस करते समय एक दिव्यांग युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि दिव्यांग गूंगा व बहरा था और बचपन से ही ग्राम ब्रह्मणपुट्टी में एक किसान के यहां नौकरी कर रहा था।

सोमवार को सुबह एक दिव्यांग युवक खेत में जा रहा था। सुजरा रेलवे हाल्ट के पास लाईन क्रॉस करते समय वह सहारनपुर से दिल्ली की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार युवक गूंगा व बहरा था। इसी कारण उसे ट्रेन के आने का पता नहीं चल सका। घटना स्थल पर मौजूद ब्रह्मणपुट्टी के एक किसान प्रधान ओमपाल सिंह ने बताया कि वह बचपन से ही उसके यहां पर नौकरी कर रहा था। वह मूल रूप से कहां का रहने वाला है। इस संबंध में किसान कुछ नही बता सका। उसने बताया कि बोलने में असमर्थ होने के कारण आज तक वह अपना नाम नहीं बता पाया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही और इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मृतक कहां का रहने वाला था और उसका नाम किया है।



## निरीक्षकों व उप निरीक्षकों की तैनाती में किया फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसपी ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आठ इंस्पेक्टर और आठ उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया।

मीडिया सैल द्वारा सोमवार को करीब दस बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एसपी अर्पित विजयर्गीय ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंस्पेक्टर शिवदत्त को इंस्पेक्टर अपराध थाना सिंघावली अहीर से इंस्पेक्टर थाना बिनौली, इंस्पेक्टर सुखपाल सिंह को इंस्पेक्टर थाना चांदीनगर से इंस्पेक्टर अपराध थाना दोघट, इंस्पेक्टर जनार्दन प्रसाद को इंस्पेक्टर थाना रमाला, अपराध शाखा बागपत, इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह सिरोही को प्रभारी इंस्पेक्टर बिनौली से पीआरओ पुलिस अधीक्षक व प्रभारी मीडिया सैल बागपत, इंस्पेक्टर प्रदीप ढौडियाल को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर बागपत से पीआरओ पुलिस अधीक्षक बागपत, इंस्पेक्टर महेंद्रपाल सिंह को प्रभारी इंस्पेक्टर रमाला से प्रभारी इंस्पेक्टर थाना साइबर बागपत, इंस्पेक्टर विनोद कुमार को इंस्पेक्टर थाना बड़ौत से इंस्पेक्टर अपराध थाना रमाला और उप निरीक्षक सोनवीर सिंह सोंलकी को पीआर वओ व प्रभारी मीडिया सैल बागपत से थानाध्यक्ष थाना सिंघावली अहीर, उप निरीक्षक संजय कुमार पूनिया को प्रभारी पुलिस चौकी बस स्टैंड थाना बड़ौत से प्रभारी पुलिस चौकी रटौल खेकड़ा, उप निरीक्षक युवनीश कुमार चौहान को प्रभारी पुलिस चौकी टटीरी से प्रभारी पुलिस चौकी भड़ल थाना दोघट, उप निरीक्षक विपिन कुमार यादव को प्रभारी पुलिस चौकी भड़ल थाना दोघट से प्रभारी पुलिस चौकी टटीरी, उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह को प्रभारी पुलिस चौकी रटौल खेकड़ा से प्रभारी पुलिस चौकी बस स्टैंड थाना बड़ौत, उप निरीक्षक रामकुमार को थाना बड़ौत से प्रभारी पुलिस चौकी बिनौली रोड, उप निरीक्षक अमरदीप सिंह को प्रभारी पुलिस चौकी पाठशाला थाना खेकड़ा से प्रभारी पुलिस चौकी अमीनगर सराय, उप निरीक्षक कपिल कुमार को प्रभारी पुलिस चौकी अमीनगर सराय से प्रभारी पुलिस चौकी पाठशाला थाना खेकड़ा पर तैनाती की गई है।

# आवारा सांड को पकड़वाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** अब्दुलापुर मेवला गांव में खेत पर काम कर रहे किसान को एक आवारा सांड़ ने टक्कर मार गम्भीर रूप से घायल कर दिया। किसानो ने प्रर्दशन करते हुए आवारा सांड़ को पकड़वाने की मांग की है।

अब्दुलापुर मेवला गांव निवासी जयभगवान पुत्र घनश्याम अपने खेतो पर काम कर रहा था तभी आवारा पशुओं का एक झुन्ड़ खेत पर पहुंचा और एक साड़ ने किसान पर हमला बोल गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिससे किसान को गम्भीर चोटे आयी है। किसानो ने देखा तो उस और दौड़ साड़ को भगाया और किसान को गम्भीर रूप मे अस्पताल में भर्ती कराया। वही किसानों ने इखट्टा होकर प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से साड़ को पकड़वाने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में आकाश, मुनेश कुमार, आदेश, बीरपाल लो. केश, अख्तर, इंद्रपाल, रोहित सोनू, काले शिवकुमार श्याम आदि मौजूद रहे।



# आवारा कुत्तों का आतंक, 16 लोगों को काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है एक सप्ताह मे आवारा कुत्ते 16 लोगों पर हमला बोल घायल कर चुके है। कस्बें के लोगो ने प्रर्दशन करते हुए आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

रटौल में पिछले एक साल से आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। आवारा कुत्तों ने पिछले एक सप्ताह में रटौल निवासी अदनान, महबूब, जैनब, आहद, बब्लू, शुधाशु, जुबैर, राधा, शहनाज, आसिफ, अरबाज, मौहम्मद शाद, फरमान, अरीबा, तल्हा आदि पर हमला बोल घायल कर चुके है कस्बें के लोगो ने बताया कि लगातार कुत्ते खुखांर होते जा रहे है। कस्बें के लोगो ने बताया कि पांच वर्ष पहले भी कस्बें मे कुत्तों ने 150 भेड़ो पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था आय साल कुत्ते लोगों पर हमला बोलते रहते है। उच्च अधिकारियों से भी शिकायत के बाद समाधान नही हो पाया है। सोमवार को रटौल पीएचसी पर इन्जेकशन लगवाने वालो की भीड़ जुटी कस्बें के लोगो ने उच्च अधिकारियों से आवारा कुत्तो को पकड़वाने की मांग की है।




# पीड़िता ने ठेकेदार पर साजिश कर पति को फंसाने का लगाया आरोप, एसपी से मांगा न्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 28 जनवरी को लड्डू निर्माण महोत्सव में हुए हादसे में एक नया मोड़ सामने आया है। लड्डू निर्माण महोत्सव में हुए हादसे में 9 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने जिस वसीम को ठेकेदार बताकर गिरफ्तार किया था। परि. जनों ने एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

सोमवार को वसीम की पत्नी शहनाज ने एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि उनका पति एक साधारण मजदूर है, जो रोज की मजदूरी से परिवार का पालन-पोषण करता है। पीड़िता का आरोप है कि जैन समाज के दो लोगों ने मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने के कार्यक्रम में ठेका लिया था। उन्हें 8-10 मजदूरों की जरूरत थी, जिसके लिए वसीम नहर के पुल के पास से 6-7 मजदूरों को लेकर गया था। उनका का कहना है कि उनका पति कभी ठेकेदार नहीं रहा और असली ठेकेदार ने अपने बचाव के लिए एक साजिश के तहत वसीम को फंसा दिया। परिवार की स्थिति बेहद नाजुक है। पीड़िता ने बताया कि उनके कई बच्चे हैं और परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा है, जिससे भूखे मरने की नौबत आ गई है। अनपढ़ होने के कारण उन्हें कानूनी प्रक्रिया की भी समझ नहीं है। उन्होंने एसपी से निष्पक्ष जांच कराने व असली दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है।



## पुण्यतिथि पर सपाईयों ने कर्पूरी ठाकुर को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्लालय पर सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाते हुए उनको नमन किया। इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित की। इस मौके के पर सपा संगठन पदाधिकारियों और नेताओ ने कर्पूरी काठुर को याद करते हुए कहा कि वे पिछडे वर्ग के हितो, हिन्दी प्रचार व समतामुलक व्यवस्था की स्थापना के समय थे। उनका जीवन सार्वजनिक जीवन शैली अपनाने की प्ररेणा देता है। कर्पूरी ठाकुर एक आडंबर रहित ओजस्वी वक्ता, उत्साहवर्धन से लब्ध ईमानदार राजनेता थे। इस अवसर पर महबूब मलिक, बिल्लू प्रधान, राहुल यादव, इरसाद, निजामू, सुरेन्द्र, राजू, शौकिन आदि मौजूद रहे।




# जेवी कालेज से शिकोहपुर तक होगी न्याय यात्रा, तैयारियों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कांग्रेस की बैठक में किसान-मजदूर सम्मान और न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष राकेश शर्मा के आवास पर आयोजित बैठक में बताया गया कि, यह न्याय यात्रा 20 फरवरी को बडौत से शुरू होगी तथा दिल्ली- सहारनपुर के गाँव शिकोहपुर तक निक. ाली जाएगी।

बैठक में जनता वैदिक डिग्री कालेज बड़ौत से शुरू होने वाली न्याय यात्रा के शिकोहपुर तक निकाले जाने का कार्यक्रम फाइनल किया गया। दर्जा प्राप्त पूर्वमंत्री ओमवीर तोमर ने यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी दी और कहा कि, इस यात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय , पूर्व सांसद अविनाश पाण्डेय, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खेरा, अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा, सहारनपुर सांसद इमरान मसूद, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला भी मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता राकेश शर्मा शहर अध्यक्ष बड़ौत के द्वारा की गई, बैठक में डा राजीव सेन, बेगराज सिंह पूर्व कमिश्नर, सुनील त्यागी ब्लाक अध्यक्ष, दीपक तोमर, याकूब अहमद, यशवीर सिंह, डा. रामकुमार शर्मा, शिव ओंकार शर्मा, मनीष जैन आदि मौजूद रहे।




# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय तथा रोड सेफ्टी क्लब, जनता वेदिक कॉलेज द्वारा एक दिवसीय शिविर रोड सेफ्टी विषय पर आयोजन प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारियों डा. मुकेश कुमार एवं अमित नागर ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा.गीता रानी, रोड सेफ्टी क्लब नोडल, लेफ्टिनेंट डा.विजयपाल, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, जनता वेदिक कॉलेज, थाना बड़ौत से एसआई संजीव चौधरी चौकी प्रभारी कस्बा बाजार, एसआई मिस किर्ती, हेड कांस्टेबल विजयपाल सिंह एवं हेड कांस्टेबल मनीषा उपस्थित रहे। सभी अतिथि गण ने स्वयं सेवकों को रोड दुर्घटनाओं और मौतों पर परिवहन मंत्रालय के डेटा देकर रोड सुरक्षा के लिए जागरूक बनाने के महत्व को समझाया। अत: ट्रैफिक नियमों का पालन कर और जागरूक बनकर गम्भीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना दुर्घटना के दौरान गंभीर चोटों से बचाता है, तेज गति से वाहन न चलाएं-तेज गति से वाहन चलाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ता है, हमेशा सुरक्षित गति में चलाएं, सड़क पर लाइनों का पालन करें-ट्रैफिक सिग्नल और सड़क पर दिखाए गए संक. ेतों का पालन करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके, दूरी बनाए रखें-वाहन चलाते समय अगली कार से उचित दूरी बनाए रखें, ताकि अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति में दुर्घटना न हो, नशे में वाहन न चलाएं-शराब या किसी अन्य नशे में वाहन चलाने से दुर्घटना की संभावना बहुत अधिक होती है। उसके पश्चात स्वयं सेवक चिन्हित कॉलोनी पटेल नगर एवं डूडा कॉलोनी में जाकर सड़क सुरक्षा के उपायों पर बनाए अपने स्लोगन और पोस्टर से जागरूकता फैलाई। यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# जयंत चौधरी के पत्र के बाद हरकत में आए विभाग, जगी उम्मीदें

**शाह टाइम्स संवाददाताश**

**बडौत।** डूडा द्वारा आवंटित भवनों के निवासियों को पांच वर्षो से रखा जा रहा है मूलभूत सुविधाओं से वंचित। बिजली, पानी व रास्ते की समस्या से जूझते कालोनी वासियों के लिए अब केंद्रीय मंत्री व रालोद सुप्रीम जयंत चौधरी बनें तारनहार। प्रदेश के नगर विकास मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मुख पहुंचाई गई गरीब परिवारों की समस्या।



कालोनी के पीड़ित परिवारों ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को लिखे पत्र में बताया था कि, एकीकृत आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम ,डूडा योजना के तहत नगर निकाय बडौत में निर्मित आवासों में विगत 5 वर्षो से मूलभूत सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं, जबकि इस कालोनी में चार मंजिला फ्लैट बने हैं। बताया कि, बडौत में बिजरौल रोड निकट रेलवे फाटक में योजनान्तर्गत निर्मित आवासों में विद्युत संयोजन न होने के कारण प्रथम आवंटन वर्ष 2019 के पश्चात् से 64 परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इसी कारण 96 आवासों का आवंटन नहीं हो पा रहा है। कालोनी में विद्युतीकरण के लिए लगभग 22 लाख रुपये का एस्टीमेट विद्युत विभाग ने बनाया है। इस एस्टीमेट के जमा होने पर ही कालोनी वासियों को विद्युत सप्लाई मिलेगी, ऐसे में बिना बिजली के कालोनीवासी रह रहे हैं। सुविधाओं का अकाल यहीं खत्म नहीं हुआ,क्योंकि पानी के लिए भी 5 साल से तरस रहे हैं कालोनी के वासी परिवार।बताया कि, कालोनी में पेयजल हेतु टंकी की पाईप लाईन बिछी हुई है और घरों में भी टंकी का फिटिंग कार्य पूर्व में ही हो चुका है, लेकिन आज तक भी कालोनी को पेयजल पाईप लाईन से नही जोडा गया है। इसी तरह कालोनी वासियों के आवागमन का कोई रास्ता भी नहीं है। अभीतक कालोनीवासी रेलवे की जगह में से ही आवागमन करते हैं, जिसे रेलवे कभी भी बन्द कर सकता है। पूर्व में भी रेलवे लाईन पर दुर्घटना हो चुकी है। हमारी कालोनी का रास्ता राजस्व टीम को भेजकर खुलवाया जाये। बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नही हो पा रहा है। कालोनी वासियों ने विद्युतीकरण के लिए विद्युत विभाग द्वारा दिया गया लगभग 22 लाख के एस्टीमेट को वित्तीय स्वीकृति दिलवाने की मांग के साथ ही लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए केंद्रीय मंत्री से गुहार लगाई है। नीतू पत्नी ओमबीर, सीमा, पवन वर्मा, राजपाल ,संजय ,राजबीर हरीश आदि द्वारा प्रेषित पत्र प्राप्त होते ही रालोद सुप्रीम व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने प्रदेश सरकार को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। इतना ही नहीं सांसद राज. कुमार सांगवान भी एक्टिव हो गये और मंत्री से लेकर विभागीय अफसरों को लंबित समस्याओं के निवारण में देरी पर जवाब तक मांग लिए। अब देखना है कि, कालोनी के 64 परिवारों को मूलभूत सुविधाएं कब तक नसीब होंगी तथा तैयार 96 फ्लैट, जो आवंटन के अभाव में जर्जर हो रहे हैं, उनकी चाबी जरूरतमंद परिवारों को कब सौंपी जाएगी।

# डीएम से की तालाब को कब्जा मुक्त करवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरूरपुर कलां गांव के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत कर तालाब खसरा संख्या 397 को कब्जा मुक्त करवाने की मांग की है।

सोमवार को करीब साढे 12 बजे सरूरपुर कलां गांव निवासी संजीव के मुताबिक गांव के तालाब खसरा संख्या 397 की खुदाई कर सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। तालाब खसरा संख्या 397 पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बना दिए गए है। उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से शिकायत कर तालाब खसरा संख्या 397 को कब्जा मुक्त करवाने की मांग की है।



# टूटी पड़ी सड़क बनवाने को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहे वार्डवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के वार्ड नंबर 22 मे किदवई नगर के कुछ ऐसे ही हालात बने हुए हैं। गंदे नाले की बराबर में बनी सड़क काफी दिनो से टूटी हुई है जिसको लेकर कई बार सभासद से लेकर अन्य नगर पालिका के अधिकारियो से टूटी सड़क को बनवाने के लिए कहा गया है लेकिन उसके बावजूद भी किदवई नगर के लोगों की कोई समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वार्ड नंबर 22 के किदवई नगर मे गंदे नाले के पास बनी सड़क काफी दिनो से टूटी पड़ी है जिसमे कई बार खेलक. ूद रहे बच्चे गिर गये है। एक बार तो बाइक सवार भी ईसी नाले मे गिर कर घायल हो गये थे लेकिन वार्ड नंबर 22 मे कोई सुन्ने वाला नही है। अधिकतर लोग मोटरसाइकिल व निजी वाहन को टूटी सड़क कि ओर नही निकालते है कही गिर ना जाए बच्चे भी दिवार पकड़कर चलते है।



# 3100 रूपये की कुश्ती में पहलवान रोनक व पहलवान अर्जुन रहे बराबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के गाँव बदरखा में आयोजित पाक्षिक दंगल में उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से 12 फरवरी से 14 फरवरी तक चली प्रदेश स्तरीय ओपन पुरूष आमन्त्रण कुश्ती प्रतियोगिता फ्री स्टाइल में सत्यम बदरखा 61 किलो में गोल्ड, प्रियांशु बदरखा 92 किलो में गोल्ड, रोनक छपरौली 79 किलो में सिल्वर, रोहित छपरौली ब्राउन प्राप्त करने वाले आर्य व्यामशाला छपरौली के पहलवानों का स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया।

पाक्षिक दंगल में आमन्त्रित अतिथि अन्तराष्ट्रीय पहलवान हरेन्द्र उर्फ काला बदरखा, एपील के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक कुमार उपाध्याय, खलीफा धर्मेन्द्र उर्फ भूरा को दंगल कमेटी ने फूल मालायें पहनाकर व पगड़ी बाँधकर सम्मानित किया। हरेन्द्र उर्फ काला पहलवान ने प्रत्येक विजेता पहलवानों को 5 किलों बादाम 500 रूपये, 500 रूपये सत्यपाल देकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। पाक्षिक दंगल में पहलवान सोहब छपरौली ने 1100 रूपये की पहलवान अनस लोनी ने 1500 रूपये की, पहलवान शिवम बली निबाली ने 1500 रूपये की कुश्ती जीती तथा 2500 रूपये की कुश्ती में पहलवान सलमान लोनी-पहलवान रोनक मलपुर तथा 3100 रूपये की कुश्ती में पहलवान रोनक बदरखा पहलवान अर्जुन दहा बराबर पर रहे।



**सूचना**

मेरे पुत्र विधान सिंघल के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम विकास सिंघल गलत दर्ज है। सही नाम Vikash Gupta दर्ज किया जाए।

विकास गुप्ता पुत्र पवन कुमार गुप्ता, अग्रवाल मंडी टटीरी, बागपत।

# किसानों ने दी बजाज शुगर मिल और समिति पर ताला जड़ने की चेतावनी

**जहां एक ओर किसान का बकाया रुपया मिल के पास है वहीं वह रोजाना मानसिक दबाव में जीने को मजबूर है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज शुगर मिल के अधिकारियों के साथ किसानों की असहमति के पश्चात किसान सोमवार को इकठे होकर थानाभवन चरथावल के निकट स्थित गन्ना समिति पर पहुंचे जहां सचिव भास्कर सिंह रघुवंशी से बातचीत की गई।किसान अपनी बकाया गन्ना भुगतान की मांग पर आक्रोशित नजर आए।वहीं समिति सचिव के ढुलमुल रवैए से नाराज किसानों ने जल्दी ही मिल और समिति में ताला लगाने की चेतावनी दे डाली।किसान लाला ठाकुर ने बताया कि किसान इतनी दयनीय स्थिति से गुजर रहा है कि आत्महत्या तक करने को मजबूर है क्योंकि स्कूल के लिए ,बिजली के लिए,निजी चिकित्सा के लिए रोजमर्रा के खानपान के लिए किरयाना से समान चाहिए हर जगह पैसे की



**थानाभवन। अपनी मांगों को लेकर धमकी देते किसान।**

जरूरत है लेकिन वहीं किसान का बकाया रूपया गन्ना मिल के पास है जिसे देने के लिए बजाज शुगर मिल तैयार नहीं। जिसे लेने के लिए हम एकत्रित होकर गन्ना समिति सचिव के पास आए थे उन्होंने कहा है कि वें डीसीओ साहब से बातचीत कर पेमेंट का हल निकालेंगे जिसके लिए उन्होंने एक दिन का समय मांगा है यदि कोई व्यवधान हुआ तो मिल का इंडेंट रोककर अन्य मिल पर व्यवस्था कराएंगे।

किसान प्रेम राणा और संदीप सिंह ने बताया कि तीन दिन पूर्व डीसीओ साहब से भी मिले थे और शनिवार में मिल अधिकारियों से भी मिले थे यदि किसानों के गन्ना भुगतान का रास्ता मिल प्रबन्धन और समिति नहीं निकालती तो हम मिल और समिति दोनों में ताला लगा देंगे।इस मौके पर बबलू राणा जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ शामली, मुकेश प्रधान महावतपुर, लाला ठाकुर, लवी राणा, अजय डायरेक्टर, देवेन्द्र पूर्व प्रधान कुतुबगढ़, गौरव राणा पूर्व प्रधान भाट्टु,सतीश राणा केडी, प्रेमपाल राणा, प्रेम राणा, नरेंद्र प्रधान, नरेश गोगमा,सतीश चेयरमैन सहित आसपास क्षेत्र से सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# वीवी पीजी में चिकित्सा कक्ष, छात्र प्रसाधन कक्ष का उद्घाटन



**शामली। छात्र समाधान कक्ष के उद्घाटन समारोह के दृश्य।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कालेज में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के निवर्तमान कुलपति एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर एचएस सिंह ने महाविद्यालय में नवनिर्मित चिकित्सा कक्ष, छात्र प्रसाधन कक्ष एवं सोलर पैनल का उद्घाटन अपने कर कमलो के द्वारा किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को जागरूक भी किया गया।

सोमवार को वीवी पीजी कालेज के सेमिनार हाल में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के निवर्तमान कुलपति एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर एचएस सिंह, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, पूर्व आईजी विजय गर्ग, प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार, विद्यालय के सचिव दीपक जैन ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सबसे समर्थवान युवा शक्ति है। इन युवाओं की ऊर्जा को सुसज्जित करने के लिए मां शाकंभरी विश्वविद्यालय में अनेक प्रकार के कौशल विकास योजनाएं चल रहे हैं जिससे युवाओं में स्वावलंबन की प्रवृत्ति विकसित की जा सके। निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर एचएस सिंह ने अपने अनुभव साझा किया और कहा कि आज तक ऐसा नहीं हुआ है की अंधेरों ने सूरज को उगने से रोक दिया हो। यह भी बताया कि व्यक्ति को समय और परिस्थिति के अनुसार निर्णय लेना चाहिए। जीवन में विजय प्राप्त करने के लिए याचक, भिक्षुक और विनम्रता के साथ साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष नवनीत जैन, डा। भूपेन्द्र सिंह, डा। निर्भय सिंह, डा। अर्शी खान, मृदुला जैन आदि मौजूद रहे।

# कैराना में फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने वाले नटवर लाल का गिरोह सक्रिय

### कर्मचारियों को मिल रही धमकी, पूर्व में भी हो चुका है फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

**कैराना।** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की फिराक में लगे नटवरलाल नगरपालिका परिषद में बेनकाब हो गए। वहीं कागजातों में फर्जीवाड़ा मिलने पर लिपिक द्वारा प्रमाण पत्र बनाने से इनकार करने पर लिपिक के साथ गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गए। वहीं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन कर कागजातों को फाड़ दिया। गत शनिवार को नगरपालिका में तैनात कर्मचारियों ने अपना कार्य बंद कर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र लिपिक के पद पर तैनात जहांगीर सिद्दीकी के साथ गत शुक्रवार में हुई घटना का विरोध करते हुए एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की गई थी। वहीं फर्जी दस्तावेज के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र बनवाए जाने को लेकर तीन व्यक्तियों द्वारा पीड़ित कर्मचारी के साथ गाली-गलौज कर अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने के विरोध में पालिका स्टाफ ने प्रदर्शन कर कर्मचारी से फर्जी दस्तावेज बनने से मना करने पर नटवर लाल के गिरोह पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभद्रता करने व धमकी देने के मामले में एक जुट होकर कानूनी कार्रवाई मांग की गई हैं। बताते चलें कि इससे पूर्व भी नगर पालिका परिषद कैराना की आईडी हैक कर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का भंडाफोड़ हुआ था,जिसमें मुकदमा दर्ज होने के बाद नटवर लाल को जेल भी भेजा गया था, जिसके बाद हड़कंप मच गया था।

# पीएम स्कूल में मां-बेटी मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कस्बा जलालाबाद के पीएम विद्यालय में आज मां-बेटी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से वर्तमान सामाजिक स्थिति रेखांकित किया। इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद हुआ। दोनों नहीं बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया।

पीएम विद्यालय में मां बेटी मेले के आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका बबीता सैनी ने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि परिवार में एक बेटी के शिक्षित होने पर इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। परिजनों को चाहिए कि वह बेटी की शिक्षा को प्राथमिकता के आधार पर ले। उन्होंने



**जलालाबाद के पीएम विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। छाया शाह टाइम्स**

कहा मां बेटी मिले के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं विशेष तौर से बेटियों को शिक्षित करना है। इस दौरान स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके माध्यम से बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया गया। स्कूली बच्चो द्वारा कई विषयो पर आधारित स्टाल लगाकर अपनी प्रतिभा को दिखाया। जिसके लिए मीना मंच की सुगमकर्ता अलका देवी व पावर एंजिल कक्षा 5 की तमन्ना को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभवको से संवाद मे बेटियो की शिक्षा के महत्व पर चर्चा हुई । जिसमे बताया गया कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राथ्मिक स्तर के विद्यालयो मे नई शिक्षा नीति के तहत मां बेटी अभिभावक मेला, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमो जैसी पहल विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोडने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसका लाभ छात्र छात्राओ को मिलेगा। जबकि मां-बेटी मेले के माध्यम से सामा. जिक जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन स्वाति अग्रवाल व उमेश कुमार ने किया , उमंग सिंह, के साथ साथ बडी संख्या मे बच्चो के अभिभावको ने कार्यक्रम मे भाग लेकर बच्चो का हौसला बढाया।

## एक नजर

### न्यायालय ने दो मामलों में दो आरोपियो को दोषी ठहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** न्यायालय ने दो अलग अलग मामलों में दो आरोपियो को दोषी ठहराया। वहीं पांच हजार पांच सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया।

वर्ष 2012 में मेहरबान पुत्र जलालू निवासी मौहल्ला बडी आल थाना कैराना के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। वर्ष 2006 में ब्रजपाल उर्फ सुखपाल पुत्र मलखान निवासी ग्राम व थाना रमाला जनपद बागपत के खिलाफ थाना कांधला में गौवध अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### तमंचे व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को तमंचे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। सोमवार को एसपी रामसेवक गौतम के आदेशानुसार इमाम गेट पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक अशोक कुमार बाईपास पर चेकिंग अभियान चलाए हुए थे। इसी दौरान पुलिस टीम को एक व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसकी तलाशी ली जिसके पास से एक तीन सो पंद्रह बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता शहनवाज पुत्र मिजामुदीन निवासी मौहल्ला भारतनगर कालोनी गली नं0 20 थाना किला जनपद पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी का चालान कर दिया।

### जलालाबाद में ससंघ मुनिराजों का मंगल प्रवेश पर किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में आचार्य सौभाग्य सागर जी महाराज के मंगल प्रवेश पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। ससंघ मुनिराजो के स्वागत को भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में सोमवार को आचार्य सौभाग्य सागर जी महाराज एवं स्थविर संत 108 सुरत्न सागर आचार्य जी महाराज संसघ सायं 1 बजे नानौता से विहार कर 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन जलालाबाद में मंगल प्रवेश किया। ससंघ मुनिराजो का भव्य मंगल प्रवेश पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान बडे ही हर्षोल्लास के साथ मुनिराजो का ससम्मान स्वागत किया गया। मंगल प्रवेश के बाद आचार्य जी व ससंघ ने भगवान पार्श्वनाथ जी के दर्शन किए। बाद में क्षेत्र से जुडे भक्तगणो को मंगल प्रवचन दिए। विहार में सम्मिलित रहे भक्तगणो का क्षेत्र कमेटी के मंत्री सुशील कुमार जैन ने सम्मान किया। इस दौरान मंगल विहार में अनिल जैन, रोबिन जैन, चिंतामणी जैन, सुभाष जैन, जिनेन्द्र जैन, हर्ष जैन, अंकित जैन नानौता, सुशील कुमार जैन मंत्री जलालाबाद, सतीश जैन, प0 सनत जैन, अर्पण जैन, राहुल जैन, सचिन जैन आदि सम्मिलित रहे।

### कुएं में गिरे गोवंश को बाहर निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित पेट्रोल पंप के निकट कब्रिस्तान में बंद कुएं में एक गोवंश गिर गया था, जिसे स्थानीय पुलिस ने जेसीबी मशीन के द्वारा बाहर निकलवा कर उसका इलाज कराया। सोमवार की शाम ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे आईएस राघवेंद्र सिंह ने जेसीबी मंगाकर कुएं में गिरे गोवंश को रस्सी आदि की मदद से बाहर निकलवाया। बाहर निकालने में गोवंश कहीं जगह से घायल हो गया था, जिसका स्थानीय पशु चिकित्सालय में भेजकर उपचार कराया गया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मीनाक्षी भराला व हिमानी अग्रवाल, सदस्यगण, राज्य महिला आयोग, के नेतृत्व में नवजात सात बच्चियो से केक कटिंग कराकर जॉनसन बेबी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत चिकित्सालय में मौजूद समस्त स्टाफ एवम् बच्चियों के माता पिता को मुख्यमत्री कन्या सुंमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमत्रे बाल सेवा योजना सामान्य एवं महिला कल्याण विभाग से सम्बन्धित सभी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान वहां मौजूद हिमानी अग्रवाल ने कहा कि बेटियों को पढ़ाना बहुत जरूरी है ताकि वह आगे चलकर अपने पैरों पर खड़े हो सके तथा किसी की मोहताज न रहे।

# मानकपुर में बोर्ड को लेकर दो समाजों में तनाव

## एससी व क्षत्रिय समाज के बीच बढ़ी खींचतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

गढ़ीपुख्ता। जनपद शामली के थाना गढ़ी पुखघ्ता क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मानकपुर में एक नया विवाद उत्पन्न हो गया है, जहां एक सरकारी बोर्ड को लेकर दो समाजों के बीच तनातनी बढ़ गई है। मामला संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर के बाहर लगे एक बोर्ड को लेकर है, जिस पर ष्दा ग्रेट चमारष लिखा हुआ है और साथ ही भीमराव अंबेडकर तथा गुरु रविदास का फोटो भी है।

इस बोर्ड को लेकर गांव में राजपूत समाज में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि इस बोर्ड को हटवाया जाए, क्योंकि यह उनके समाज की प्रतिष्ठा के खिलाफ है, जो की कोई एक ही समाज इस गांव में नहीं रहता है यहां सभी समाज के लोग रहते हैं। दूसरी ओर, एससी समाज ने इस बोर्ड को हटाने से इंकार कर दिया है, और उनका कहना है कि यह उनका अधिकार है और इसे हटवाने की कोई जरूरत नहीं है।

दरअसल, पहले भी इस बोर्ड को ग्राम प्रधान और पुलिस द्वारा हटवाया गया था, लेकिन कुछ दिन पहले फिर से यह बोर्ड फिर से उसी स्थान पर लगा दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया।

गांव में स्थिति को लेकर तनाव पैदा होते देख एक पक्ष ने थाना गढ़ी पुखघ्ता में शिकायत की है। वहीं स्थानीय पुलिस का कहना है मामला संज्ञान में आया था जिसको लेकर उक्त लोगों को उप जिला अधिकारी से मिलने को कहा गया है।






# नो एंट्री में घुसे दो गन्ना वाहनों का किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नो एंट्री में घुसे ओवरलोड गन्नों के दो ट्रैकों का पुलिस ने ऑनलाइन चालान काट दिया। चालान काटने से दूसरे गन्ना ट्रक चालकों में अफरा तफरी मची रही। गत वर्ष गन्नों के ट्रक के नीचे दबने से एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। तब से दिन में कस्बे में गन्नों के वाहनों की नो एंट्री है। सोमवार को सुबह करीब 10 बजे गन्ने से भरे दो ओवरलोड ट्रक कस्बे से गुजर रहे थे, जिन्हें कस्बा इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने पकड़ लिया तथा नो एंट्री में घुसने पर ग्यारह ग्यारह हजार रूपये का ऑनलाइन चालान काट दिया। वहीं आगे से नो एंट्री न घुसने की हिदायत देकर छोड़ दिया। बता दे कि गत वर्ष ऊन रोड पर गन्ने के ट्रक के नीचे दबने से गांव लपराना निवासी एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। तभी से पुलिस अधीक्षक शामली के आदेश द्वारा दिन में गन्ने से भरे वाहनों पर कस्बे से गुजरने पर पाबंदी लगा दी गई थी। शुगर मिल में जाने वाले सभी गन्ना ट्रक स्वामियों को रात्रि नौ बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के निर्देश दिए गए थे।

# शामली रेलवे स्टेशन पर अलर्ट रही पुलिस फोर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद शामली रेलवे स्टेशन पर पुलिस फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है। एसपी के आदेश पर शामली कोतवाली, थाना आदर्शमंडी, जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने स्टेशन पर गश्त करते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ की और उनके सामान की तलाश ली गई। डॉग स्क्वायर्ड टीम द्वारा भी रेलवे स्टेशन पर जांच की गई। दो दिन पूर्व नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड मचने से दर्जनों यात्रियों की जान चली गई थी। इस हादसे को लेकर शामली रेलवे स्टेशन पर भी अलर्ट किया गया है। पुलिस अधीक्षक रामस. ेवक गौतम के आदेश पर सीओ सिटी अमरदीप मौर्य ने शहर कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री, थाना आदर्शमंडी प्रभारी सचिन शर्मा व जीआरपी, आरपीएफ पुलिस को साथ



**शामली। रेलवे स्टेशन पर चेकिंग करती पुलिस। छाया शाह टाइम्स**

लेकर रेलवे स्टेशन पर गश्त किया। उन्होने मौके पर डॉग स्क्वायर्ड टीम को बुलाकर रेलवे स्टेशन की जांच कराई गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ की गई और उनके सामान की तलाशी ली गई। पुलिसकर्मियों ने रेलवे स्टेशन पर रखे डस्टबिन, शौचालयों की भी जांच की। इसके अलावा रेलगाडियों में भी जांच की गई। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे आपस में धक्का-मुक्की न करें और शांतिपूर्वक यात्रा करें। इसके साथ ही अप्रिय घटना को रोकने के लिए यात्रियों को जागरूक भी किया गया।

# फर्जी मुकदमों के विरोध में राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रदेश में सरकारी तंत्र द्वारा व्यापारियों के शोषण करने व फर्जी मुकदमे दर्ज करने के विरोध में प्रदेश के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन डीएम अरविन्द कुमार चौहान को सौंपा। सोमवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि प्रदेश में व्यापारियों का उत्पीडन किया जा रहा है। व्यापारियों के साथ आए दिन लूट, हत्या, अपहरण जैसी घटनाऐं हो रही है। सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कानून का भय दिखाकर व्यापारियों का उत्पीडन किया जा रहा है। राज्यकर विभाग, बांट, माप, श्रम विभाग, खाद सुरक्षा विभाग आदि के कुछ मन बढ अधिकारी एवं कर्मचारी अभियान चलाकर ऑनलाईन मार्केटिंग से पहले ही फुटकर, रेहडी, पटरी, गुमटी, खुमचा, एवं छोटे मध्यम वर्गीय व्यापारियों को परेशान कर रहे है। उनके साथ जांच के नाम पर अपराधियों जैसे व्यावहार किया जा रहा है। व्यापारियों के गोदाम, उद्योग और बैंक खातों को सीज किया जा रहा है। जिससे उनके व्यापार पूरी तरह से चौपट हो रहा है। उन्होने कहा कि यदि व्यापारी अपनी कोई बात सोशल मीडिया या अन्य प्लेटफार्म के माध्यम से रखता है तो व्यापारियों पर मुकदमे दर्ज कराकर उनको जेल भेजने का काम किया जा रहा है। जिसमें सपा व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन के साथ भी घटना हुई है। उन्होने उत्पीडन बंद न होने पर आन्दोलन करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी, देवेन्द्र, सलेक प्रधान, अंकुर शर्मा, अरविन्द कुमार, खुशनूद आदि मौजूद रहे।






झिंझाना। कुश्ती में एक पहलवान दूसरे को पटकनी देता हुआ। छाया शाह टाइम्स

# कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया अपना दम-खम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में आयोजित मेले में दंगल का आयोजन के चौथे दिन भी कड़े मुकाबले हुए। रोमांचक मुकाबले की कुश्ती में पहलवान बाबा भगतदास अयोध्या तथा काला गंगा नगर राजस्थान के बीच हुआ। सात मिनट की कुस्ती में बाबा भगतदास ने बाजी मारी। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

शनिवार को कस्बे में चल रहे मेले में दंगल के चौथे दिन का शुभारंभ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार तथा एसआई राघवेंद्र द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



दंगल देखने के लिए दूर दूर से आए लोगों ने कुश्ती के मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। 11 सौ रूपये के इनाम की कुश्ती का मुकाबला पहलवान बाबा भगतदास अयोध्या तथा काला गंगा नगर राजस्थान के बीच हुआ। सात मिनट की कुस्ती में बाबा भगतदास ने बाजी मारी। समीर तीतरवाडा तथा पियूष मंगलोरा, जल्लाद राजस्थान, रिहान भूरा तथा युवराज, कल्लू, प्रिंस इसके बाद अली चांद चंदनहेड़ी, जावेद भूरा, शोर्य, मोहम्मद अली आदि पहलवानों के बीच कड़े मुकाबले हुए। रेफरी अनीस थानाभवन तथा संचालन वसीम झिंझांनवी ने किया। कमेटी के इकराम सभासद, नवाब कुरेशी, हरियाणा से दंगल देखने के लिए आए लल्ला, इसराइल, देहात क्षेत्र से सादा चौधरी, मास्टर जाबिर, मुस्तकीम अली, राणा अली आदि सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# आपत्तिजनक वीडियो के खिलाफ दलित समाज में आक्रोश

## थाने का घेराव कर की आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के गांव पेलखा में एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद दलित समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने थाने का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

जानकारी के मुताबिक, मामला रविदास जयंती के समय लगाए गए पोस्टरों से जुड़ा है। वायरल वीडियो में दो नाबालिग लड़कों को भीमराव अंबेडकर, गुरु रविदास, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के पोस्टर पर अभद्र टिप्पणियां करते और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते देखा गया। वीडियो में वे पोस्टर पर पेशाब करने की बात भी कह रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद दलित समाज में रोष फैल गया। सोमवार सुबह समाज के कई संगठनों ने थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान योगी बाबा कमलनाथ गढ़ी पुख्ता,



गढ़ीपुख्ता। पुलिस अफसर का घेराव करते क्षेत्रवासी।

आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुर अंबेडकर, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रभात सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की और थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने का आग्रह किया।इस दौरान नीटू गौतम पश्चिम प्रभारी उत्तर प्रदेश ,अक्षय बोकाड़िया जिला अध्यक्ष अंकुर अंबेडकर जिला प्रभारी राजकुमार जिला सह संयोजक सफीक



गढ़ीपुख्ता। थाने पर जमा लोग। छाया शाह टाइम्स

,बलराम,राहुल,प्रभात अनुज भारती भीम आर्मी जिला अध्यक्ष ,सचिन जयंत युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ,मनोज कुमार लांबा जिला मीडिया प्रभारी, योगी बाबा कमलनाथ, कर्मवीर सभासद, मोहन प्रधान खेड़की,अतुल पुर्व प्रधान पेलखा आदि साथी मौजूद रहे।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

गढ़ी पुख्ता पुलिस का कहना है कि उक्त दोनों आरोपियों की तलाश जारी है और तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया कि जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क है।

### कस्बे में अंबेडकर की मूर्ति को लेकर पहले भी उठा था विवाद

योगी बाबा कमलनाथ ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कस्बे में दलित समाज से जुड़े मुद्दे पहले भी उठते रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने उन्हें नजरअंदाज किया है। बाबा कमलनाथ ने बताया कि इससे पहले भी कस्बे में डॉ। भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित किया गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया आरोप लगाया कि बार-बार दलित महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है प्रशासन चुप्पी साधे है।

# खोखरी नदी की पैमाइश जारी, 25 किसानों की फसलें प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खोखरी नदी की पैमाइश का कार्य राजस्व विभाग द्वारा जारी है। इससे पहले तीन दिन पहले ड्रेनेज विभाग द्वारा भी इसकी माप पूरी की गई थी। यह नदी शामली जिले में सहारनपुर सीमा से लेकर केरटू तक लगभग 20 किलोमीटर लंबी है। प्रशासन द्वारा नदी की सीमांकन प्रक्रिया के तहत अब तक करीब 1.5 किलोमीटर की पैमाइश पूरी कर ली गई है।

### किसानों की फसलें अतिक्रमण की जद में

पैमाइश के दौरान सहारनपुर सीमा से लेकर लक्ष्मीपुरा तक लगभग 25 किसानों की फसलें अतिक्रमण में पाई गईं। इनमें गेहूं, सरसों और अन्य फसलें शामिल हैं, जिन्हें किसानों ने मेहनत से तैयार किया था। प्रशासन ने किसानों को भूमि खाली करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसान असमंजस में हैं।

### किसानों की चिंता बढ़ी

मौके पर पहुंचे लेखपाल नागेंद्र शर्मा ने किसानों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाएं, ताकि नदी की सीमांकन प्रक्रिया बाधित न हो। इस दौरान पंचायत सचिव राजीव, लक्ष्मीपुरा के प्रधान गुरमुख सिंह और अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### किसानों ने समाधान की मांग की

प्रशासन की इस कार्रवाई से प्रभावित किसान चिंतित हैं और आगे की स्थिति को लेकर परेशान हैं। कई ग्रामीणों ने कहा कि वे जल्द ही इस मुद्दे को लेकर उच्च अधिकारियों से बातचीत करेंगे। किसानों का कहना है कि यदि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया, तो उनकी फसल पूरी तरह नष्ट हो जाएगी, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाना जरूरी है।

# सफाईकर्मियों ने ईओ शामली का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को सफाईकर्मियों ने ईओ शामली का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया। सफाईकर्मियों ने वेतनमान काटे जाने का विरोध करते हुए ईओ से नोकझोक की। साथ ही उन्होने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ईओ को ज्ञापन देकर मांगों को पूरा कराए जाने की मांग की है।

सोमवार को दर्जनों सफाई कर्मचारी उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ एवं स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों के साथ नगर पालिका शामली के ईओ विनोद कुमार रस्तोगी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने दो दिन पूर्व डयूटी से गैर हाजिर मिले सफाई कर्मचारियों का वेतनमान काटे जाने का विरोध किया। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए एक सफाईकर्मी को लेकर भी ईओ से उनकी नोंकझोक भी हुई। बाद में सफाईकर्मियों ने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होने कहा कि किसी भी वार्ड में नगर पालिका परिषद शामली शहर में कार्य होगा तो उसकी सूचना 24 घंटे पहले सुपरवाइजर को दी जाए। शहर शामली के बढ़ाते क्षेत्रफल को देखते हुए आउटसोर्सिंग कर्मचारी जल्द से जल्द लगभग 200 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी रखे जाएं। संविदा सफाई कर्मचारियों का पीएफ या इपीएफ व ईएसआई कार्ड नियम अनुसार वेतन से काटकर दिया जाए। समस्त कर्मचारियों का दुर्घटना बीमा नगर पालिका परिषद द्वारा किया जाए। आउटसोर्सिंग में जो कर्मचारी रखे जाएं संयुक्त रूप से दोनों यूनियन के द्वारा रखे जाएं ताकि योग्य व्यक्ति को आउटसोर्सिंग में रोजगार मिल सके।



शामली। ईओ का घेराव करते सफाई कर्मचारी।

स्थाई, संविदा,चपरासी, चर्तुश्रेणी कर्मचारियों को वर्दी का लाभ समय पर दिया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, महासचिव अश्वनी तेश्वर, स्वायत शासन कर्मचारी संगठन यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल, राजन पाहिवाल, जोगेश पाहिवाल, देवेंद्र कुमार बिडला, प्रदीप टांक मायूस, जितेंद्र चंद्रा, दीपक चंद्रा, गजेंद्र कंवर पाल, अरविंद कुमार, अमित शर्मा, धर्मेंद्र झंझोट,अनुज चावला, अश्वनी पारचा, जितेंद्र टांक आदि मौजूद रहे।

## दो विभिन्न मामलों में दो को अर्थदंड

**शामली।** वर्ष 2012 में अभियुक्त मेहरबान पुत्र जलालू निवासी मौहल्ला बडी आल थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसडी एसीजेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 3,500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

वहीं 2006 में ब्रजपाल उर्फ सुखपाल पुत्र मलखान निवासी ग्राम व थाना रमाला जनपद बागपत के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय एसीजेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 2,050/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अन्यथा 3 दिवस के कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है ।

# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव भड़ी मुस्तफाबाद के मजरे साल्हापुर में दबंगों द्वारा तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर मिट्टी डाल दी गई है इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है । गांव भड़ी मुस्तफाबाद के मजरे साल्हापुर में खसरा संख्या 48 अभिलेख में तालाब की भूमि दर्ज है ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त तालाब पर गांव निवासी राजपाल पुत्र नकली ने दो दिन पूर्व जेसीबी मशीन से मिट्टी डाल दी है जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया लेकिन वह अवैध कब्जा करने पर आमादा है पूर्व में राजस्व विभाग द्वारा भी तालाब को कब्जा मुक्त कराया गया था उक्त गांव चारों तरफ से यमुना के पास बने बांध से घिरा हुआ है गांव गहराई में बसा हुआ है गांव के



ऊन। तालाब की भूमि पर कब्जे की शिकायत करते लोग।

पानी की निकासी तालाब में ही हो सकती है अगर तालाब पर अवैध कब्जा हो गया तब गांव में पानी भर जाएगा जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में कामिल,प्रमोद, राजकुमार, रामपाल, राकेश, करेसन, शकीरा ,यूनुस, रामकुमार, संजय आदि शामिल रहे।

## गांव बुन्टा में ठगी का शिकार हुए जुनैब, पुलिस में की शिकायत

**गढ़ीपुख्ता।** गांव बुन्टा के निवासी जुनैब अली उर्फ नवेद पुत्र नौशाद अली ने पुलिस थाने में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा ठगी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, उन्हें एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें 20 हजार रुपए क्रेडिट होने का दावा किया गया था। यह संदेश प्राप्त होने के बाद जुनैब ने विश्वास कर पैसे वापस कर दिए, लेकिन जब उन्होंने संदेश की जांच की, तो यह पाया कि मैसेज किसी अज्ञात नंबर से आया था और इसमें बैंक का कोई लिंक नहीं था। इसके बाद जुनैब ने पुलिस प्रार्थना पत्र दिया और आरोप लगाया कि उन्हें ठगी का शिकार बना लिया गया। जुनैब ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से इस मामले की जांच करने और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, साथ ही अपने खोए हुए पैसे की वापसी की अपील भी की है।

# अवैध हथियार व कारतूस सहित युवक किया गिरफ्तार



झिंझाना। पकड़ा गया युवक।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चौकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा एक अभियुक्त इमरान पुत्र यासीन निवासी ग्राम मंसूरा थाना झिंझाना जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की।

जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# बूथ लेवल अधिकारियों को मिला बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के दो बूथ लेवल अधिकारीयों को राज्य निर्वाचन कार्यालय लखनऊ द्वारा बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिस अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

जिसके चलते आज जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा अपने कार्यालय में दोनों बीएलओ मती नीरज व अंकित कुमार को राज्य निर्वाचन कार्यालय लखनऊ से प्राप्त बेस्ट इलेक्ट्रोरल प्रैक्टिस अवार्ड को भेंट कर सम्मानित



शामली। अवार्ड से सम्मानित करते डीएम-एडीएम।

किया गया।इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप शामली की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी और कहा सतत प्रयास और उनके सकारात्मक एवं सार्थक परिणाम के साथ स्वीप शामली पूरे प्रदेश में अग्रणी है यह उत्साहवर्धक है।

अपनी भाग संख्या में उत्कृष्ट कार्य करने जेंडर व इपिक रेशियों को मेंटेन करने पर लिए उनको अवार्ड दिया गया यह पहला अवसर है जब राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में बीएलओ को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

नीरज विश्वकर्मा स्वीप कोर्डिनेटर ने बताया कि स्वीप शामली को लगातार सातवीं बार यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस तरीके से मिले अवार्ड- 2019 में-डॉ अजय बाबू शर्मा, 2020 में नीरज विश्वकर्मा, 2021में डॉ भूपेंद्र, 2022 में डॉ अजय बाबू शर्मा,2023 में जिलाधिकारी महोदया जसजीत कौर, 2024 में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह व इस वर्ष 2025 में मती नीरज व अंकित कुमार को यह पुरस्कार मिला है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सन्तोष कुमार सिंह ने कहा कि सभी बीएलओ को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए और अपनी भाग संख्या में जेंडर और एपिक रेशों मेंटेन करते हुए उत्कृष्ट कार्य करना चाहिए ताकि भविष्य में उनको भी यह पुरस्कार पर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जेएस शाक्य, राकेश आदि उपस्थित रहें।

## एक नजर

### गोशाला के निर्माण कार्य की जांच शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नगर में कान्हा पशु आश्रय योजना के तहत गौशाला निर्माण हेतु करोड़ों रूपए की धनराशि आई थी लेकिन नगर पंचायत द्वारा स्थाई गौशाला नहीं बनाई गई तथा खाते से धनराशि भी निकाल ली गई जिसकी पूर्व में भी कई बार शिकायत की हुई अब एक बार फिर लोकायुक्त के निर्देश पर जांच हेतु सयुंक्त टीम ने अपरायुक्त के नेतृत्व में गौशाला का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की जांच की। नगर में कान्हा पशु आश्रय योजना के तहत गौशाला का निर्माण किया जाना था जिसके लिए तहत करीब 2.12 करोड रूपए की धनराशि 8 वर्ष पूर्व आई थी लेकिन उस धनराशि से गौशाला का निर्माण नहीं हुआ खाते से पैसे निकाल लिए गए इस प्रकरण की पूर्व में भी जिलाधिकारी द्वारा जांच की गई थी जिसमें निर्माण कार्य न होना पाया गया था तथा बाकी बची धनराशि को जिलाधिकारी की संस्तुति पर खर्च करने पर रोक लगा दी गई थी अब एक बार फिर लोकायुक्त के निर्देश पर 6 सदस्य टीम जिसमें अपर आयुक्त रमेश कुमार यादव ,एडीएम संतोष कुमार सिंह, एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार मृदुला दुबे, एसडीओ पीडब्लूडी ईश्वर चंद, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवकीनंदन ने मौके पर जाकर गौशाला की जांच की वहां पर बोर्ड पर अस्थाई गौशाला लिखा हुआ था जबकि स्थाई गौशाला के निर्माण हेतु धनराशि आई थी गौशाला में टीन सेड बना है। पशुओं के नहाने के लिए होद बनाया गया है अपर आयुक्त ने नगर पंचायत के कर्मचारी, अधिशासी अधिकारी तहसील के अधिकारियों से पूरी जानकारी ली उन्होंने बनी गौशाला की भूमि के बारे में पूछा जिस पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि उक्त भूमि अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज है ।गौशाला में 130 गोवंश मिले। अपरायुक्त रमेश कुमार यादव व एडीएम संतोष कुमार सिंह ने गायों को गुड खिलाया ।इस संबंध में अपरायुक्त रमेश कुमार यादव ने बताया कि लोकायुक्त के निर्देश के तहत गौशाला की जांच की जा रही है इसकी पूर्व में भी जांच हो चुकी है इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कांधलाध्बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यूध्वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण इसरार पुत्र इरफान निवासी ग्राम भारसी थाना कांधला जनपद शामली, रियाजुल हसन पुत्र अलीमुदीन निवासी नरा जडौदा थाना मंसुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर हैं।

### अल्पसंख्यक जोड़ो अभियान चलाकर गोष्ठियां की आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने जिले में अल्पसंख्यक जोडो अभियान चलाकर जगह जगह गोष्ठियां आयोजित की। उन्होने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी देते हुए अल्पसंख्यकों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव इजहार अली शामली पहुंचे। उन्होने मौहल्ला सलेक विहार, डूंडूखेडा, गंगेरू, मलकपुर, मौहम्मदपुर्राई, सिक्का, कांधला, कैराना देहात में गोष्ठियां आयोजित कर अल्पसंख्यक जोडो अभियान चलाया। गोष्ठियों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यकों के जोडने का अभियान चलाया गया है। उन्होने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा लोगों से पार्टी से जुडने का आहवान किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रमुख महासचिव निधि मंसूरी, युनुस मंसूरी, अशोक अग्रवाल, प्रेमचंद कश्यप, अरूण राजभर, अरविन्द राजभर, सुमन पूनिया, जमील मंसूरी, तारिक, मो. निका शर्मा, इनु गोयल, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर कर्पूरी ठाकुर का किया स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कांग्रेस कमेटी शामली द्वारा कैराना के मोहल्ला पीरजाद गान स्थित जिला महामंत्री शमशीर खान के आवास एवं कैंप कार्याल पर सोमवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई। कांग्रेसियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया। शमशीर खान ने बताया कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित शोषित वंचित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए पर्यतनशील रहे और संघर्ष करते रहे उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। इस अवसर पर सुहेब खान, मुस्तकीम मल्लाह, नासिर, रिजवान मौजूद रहे।

# गन्ने से भरा ट्रक पलटा, हादसा होने से टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव अकबर पुर सादात वाले रास्ते पर गन्ने से भरा एक ट्रक का चालक एवं नियंत्रित हो जाने के कारण किनारे पलट गया हादसा होने से बच गया, बाद में गन्ना लोडर को बुलाकर दूसरे ट्रक में गन्ने भरवाया। बताते चले कि क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात वाले रास्ते पर टिकौला शुगर मिल में जा रहा गन्ने से भरा ट्रक का चालक अनियंत्रित होकर बहसूमा निवासी दीपक के खेत में जा पलटा। चालक ने ट्रक से कूद कर जान बचाई। ट्रक सड़क किनारे जा पलटा। लेकिन कोई हादसा नहीं हुआ बाद में ट्रक मालिक ने गन्ना लोडर को बुलाकर दूसरे ट्रक में भरवाया गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ।

## मुजफ्फरनगर पंचायत में पहुंचे दर्जनों किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों गाड़ियों में किसान मुजफ्फरनगर पंचायत में पहुंचे और किसान महापंचायत में प्रतिभाग किया। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान एक साथ सिवाया टोल पर पहुंचे और एक लाइन को किसानों के लिए फ्री करते हुए वहा अन्य साथियों के साथ मिलकर मुजफ्फरनगर रवाना हो गए किसानों के काफिले में दर्जनों गाड़िया ओर पिकअप थी जिस कारण एनएच- 58 पर जाम लग गया और अन्य वाहन भी



किसानों के काफिले के पीछे मुजफ्फरनगर तक रेंगते रहे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाकियू संगठन किसानों की समस्याओं को शांतिपूर्वक तरीके से पंचायत करके धरना प्रदर्शन करके अपनी समस्या सरकार तक पहुंचाती है। परन्तु पिछले समय से उनकी समस्याओं का समाधान सही तरीके से नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को भाकियू कार्यकर्ता विकास भवन में होने वाले किसान दिवस में पहुंचेंगे और जिलाधिकारी से समाधान की मांग करेंगे। समाधान न होने की स्थिति में वहीं अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत करने की घोषणा करेंगे। पंचायत में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर चिंदौड़ी, अनूप यादव, मोनू टिकरी, अमित, सत्ते डूंगर, बंटू, अंकित आदि मौजूद रहे।

## फलावदा नगर पंचायत में 2.25 करोड़ के प्रस्ताव पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सोमवार सुबह नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में 2.25 करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए। नगर पंचायत कार्यालय पर बोर्ड बैठक आयोजित की गयी। जिसमें विधायक अतुल प्रधान उपस्थित रहे।

ईओ सचिन पंवार ने विधायक का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया। बोर्ड मीटिंग में आगामी त्यौहारों एवं ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था व विद्युत व्यवस्था को सुदृढ बनाये जाने के सम्बन्ध में, नगर में 15वें वित आयोग एवं विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विकास कार्यो को कराये जाने सम्बन्धी व अन्य विभिन्न विकास कार्यो को कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित हुए। बोर्ड बैठक में नगर में पैंठ मैदान में लगने वाली बुधवार व शनिवार की पैंठ को आगामी वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल 2025 से वार्ड नं. 2 में मौजीपुरा रोड पर लगवाने के सम्बन्ध में भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बोर्ड मीटिंग में अनुराधा, मिन्टू, मुकेश सैनी, नईम अनवर कुरैशी, मौ. ऐजाद, सोहनवीर सैनी, रविता, वकार आलम, अफसाना, कुसुमलता, मौ. कादिर, सोनिया सभासद गण कर्मचारीगण व गणमान्य मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना से सम्बन्धित साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी वेण्डर्स द्वारा विद्युत विभाग से सम्बन्धित कुल 43 उपभोक्ताओं की विभिन्न शिकायतो लम्बित प्रकरण के विषय में अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतो की एक्स-ऐल शीट बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ को दिए गए ताकि प्राप्त शिकायतों से उच्च स्तर पर अवगत कराया जा सके। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीकरण करते हुए समय अन्तर्गत सोलर रुफटॉप लगाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर हरी लाठे, मनोज गुप्ता, गर्वित गौतम, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मेरठ कॉलेज के छात्रों ने प्रबंध प्रशासन का फूंका पुतला, पुलिस से हुई झड़प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ कॉलेज प्रबन्ध समिति के सचिव द्वारा पेड़ काटकर लकड़ी माफिया को बेचने का आरोप लगाते हुए सोमवार को छात्र नेता विजित तालियान के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने कॉलेज प्रशासन की शव यात्रा निकालकर विरोध जताया। इस दौरान पुतला भी फूंका गया। कॉलेज की पार्किंग से शुरू हुई शव यात्रा को बीच रास्ते में पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया भी गया, लेकिन छात्र शव यात्रा निकालने पर अड़ गए। जिसके बाद छात्रों ने शव यात्रा को सभी विभागों में घुमाते हुए प्रबन्ध समिति के सचिव विवेक गर्ग के कार्यालय के बाहर रख दिया।

जहां छात्र नेता विजित तालियान ने अर्थी को मुखाग्नि दी। इस दौरान अर्थी छीनने का प्रयास करने पर छात्रों और पुलिस में जमकर कहासुनी और धक्का मुक्की भी हुई, लेकिन छात्रों ने जबरदस्ती अर्थी छीनकर उसमें आग लगा दी। विजित तालियान ने बताया कि छात्र कॉलेज प्रशासन द्वारा सैकड़ों हरे व फलदार पेड़ कटवाकर लकड़ी माफिया को बेचने विरोध कर रहे है तथा कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाया जा रहा है। इस दौरान प्रियांशु मलिक, तरुण सहरावत, दक्ष चौधरी, शानू, मनीष, कुशल आदि मौजूद रहे।

## शाइनिंग स्टार्स ने महफिल थीम पर किया मासिक सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाइनिंग स्टार्स क्लब द्वारा सोमवार को कैंट स्थित एक रेस्टोरेंट में महफिल थीम पर मासिक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत फाउंडर शालू गुप्ता ने कार्यकारणी सदस्यों के साथ प्रार्थना से की। नीता और अर्चना ने सबका स्वागत किया तथा मंजू और शालू ने मंच संचालन किया। अर्चना ने तंबोला खिलाया और डांस किया तथा नीता ने सभी को गिफ्ट बांटे और डांस किया। कार्यक्रम में सभी लोगों ने महफिल थीम के अनुसार अनारकली और शरारा सूट पहनकर बहुत ही नजाकत के साथ रैंप वॉक किया तथा खूब मस्ती की। इस दौरान प्रियंका, सुषमा, निशा, आशा, शर्मिला, पारुल, दीपा, सीमा, भावना, शैली, सपना, नेहा, नीलिमा उपस्थिति रहीं।

## तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से जोड़े: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विकास खंड कार्यालय में सोमवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम नारायणी भाटिया व वीके सक्सेना रहे। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी है। इस दौरान ब्लॉक में आयोजित की गई प्रदर्शनी का भी अतिथियों ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए। जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो। साथ ही शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे। बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जाएगी।

## एक नजर

### हर्रा में फर्जी अस्पताल का विरोध सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांव हर्रा में एक नर्स द्वारा डॉक्टर बनकर किए गए गलत इलाज से एक महिला की बच्चादानी और पेशाब की नली क्षतिग्रस्त हो गई और उनके गर्भ में पल रहे बच्चे की मृत्यु हो गई। यह घटना नगर पंचायत हर्रा स्थित जनप्रिय मेटरनिटी होम हॉस्पिटल की है। मामले में पीड़िता रेशमा पति महताब का इलाज बबीता नामक एक नर्स द्वारा किया गया, जो बिना किसी मेडिकल डिग्री के खुद को डॉक्टर बताकर मरीजों का इलाज कर रही थी। इस गंभीर लापरवाही के विरोध में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा की मेरठ कार्यकारणी ने सीएमओ कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान संगठन ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। सीएमओ ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और अस्पताल को बंद करने तथा फर्जी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए 8 दिन का समय मांगा, जिस पर संगठन ने सहमति जताई। इस विरोध प्रदर्शन में पश्चिम प्रदेश प्रवक्ता अमित जाखड़, युवा जिला अध्यक्ष मजहर सैफी, युवा मंडल अध्यक्ष असलम कसार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भीम आर्मी के मुखिया को अपशब्द कहने का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद पर टिप्पणी करने का सोमवार को कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सूद ने विरोध कर दिया। उनका कहना था कि पिछले कुछ दिनों से संदीप ग्राम बाजोट थाना लोहिया नगर सोशल मीडिया पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन की मुखिया व नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद व उनकी माता को गंदी गालियां दे रहे हैं इसके अलावा जान से मारने की भी धमकी दी गई हैं। कार्यकर्ताओं ने जब मोबाइल पर उसके अपशब्द कमेंट पड़े तो उन्होंने संदीप से बात करनी चाहिए तो उन्होंने कार्यकर्ताओं को भी गालियां देनी शुरू कर दी। उन्होंने एसएसपी से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के जिला अध्यक्ष रितिन गुर्जर ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री से मांग की है की वर्तमान सत्र को शामिल करते हुए गाने के मूल्य में बढ़ोतरी की जाए। साथ ही मिलों पर किसानों का बकाया भी तुरंत दिया जाए। जिससे किसानों का भला हो सके।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मीनाक्षी भराला व हिमानी अग्रवाल, सदस्यगण, राज्य महिला आयोग, के नेतृत्व में नवजात सात बच्चियो से केक कटिंग कराकर जॉनसन बेबी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत चिकित्सालय में मौजूद समस्त स्टाफ एवम् बच्चियों के माता पिता को मुख्यमत्री कन्या सुंमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमत्रे बाल सेवा योजना सामान्य एवं महिला कल्याण विभाग से सम्बन्धित सभी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान वहां मौजूद हिमानी अग्रवाल ने कहा कि बेटियों को पढ़ाना बहुत जरूरी है ताकि वह आगे चलकर अपने पैरों पर खड़े हो सके तथा किसी की मोहताज न रहे।

## भाकियू क्रांतिकारी का तहसील में धरना, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को भाकियू क्रांतिकारी के पदाधिकारियों ने तहसील में धरना प्रदर्शन किया। तहसीलदार अनुराग सिंह मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लिया और जल्द ही समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर अभी तक कोई सुनवाई न होने पर रोष जताया। कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जमीनों पर अवैध कब्जे, तालाबों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। अधिकारियों के संज्ञान में सब मामले हैं, लेकिन कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। इसके अलावा आवारा पशुओं की समस्या, किसानों की घरौनी का न बनाया जाना, व गन्ने का मूल्य अभी तक सरकार द्वारा न बढ़ाया जाने पर भी रोष प्रकट किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अपने विचार रखे और अधिकारियों द्वारा की जा रही अनदेखी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर तहसीलदार अनुराग सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनकर आश्वासन दिया।

## विधि संकाय के छात्रों ने उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णयों पर दी बेहतर प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के विधि संकाय के छात्रों ने उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णयों पर एक विस्तृत प्रस्तुति आयोजित की। इस प्रस्तुति में, उन्होंने भारतीय न्यायशास्त्र को आकार देने वाले महत्वपूर्ण मामलों पर अपने विधिक ज्ञान और समझ का प्रदर्शन किया। डाक्टर पल्लवी जैन के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम व प्रस्तुति का उद्देश्य ऐतिहासिक निर्णयों से श्रोताओं को अवगत कराना और उक्त निर्णयों का विधि के विकास और सामाजिक समस्याओं के निदान में योगदान को रेखांकित करना था।

प्रतिभागी छात्रों ने उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित प्रमुख निर्णयों का सघन विश्लेषण किया, उनकी पृष्ठभूमि, कानूनी तर्क-वितर्क और भारतीय व्यवस्था पर उनके प्रभाव को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर संकाय सदस्यों ने छात्रों के अनुसंधान और प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने न्यायिक उद्धरणों की समझ को कानूनी दृष्टिकोण विकसित करने और भावी विधि विशेषज्ञों में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय निदेशक प्रमोद कुमार गोयल ने कहा, यह पहल न केवल कानूनी ज्ञान को समृद्ध करती है बल्कि उन विश्लेषणात्मक कौशल को भी विकसित करती है जो भविष्य के कानूनी पेशेवरों के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम का समापन एक संवादात्मक सत्र




के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने समकालीन कानूनी मुद्दों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में न्यायपालिका की भूमिका पर चर्चा की। इस दौरान छात्रों की भागीदारी से स्पष्ट हुआ कि न्यायिक निर्णयों और उनके व्यापक सामाजिक प्रभावों में उनकी रुचि लगातार बढ़ रही है। इस कार्यक्रम की सफलता शोभित विश्वविद्यालय की कानूनी विद्या और संवैधानिक सिद्धांतों में व्यावहारिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को प्रतिबिम्बित करती है। ऐसे प्रयास छात्रों को कानून और न्याय के क्षेत्र में गहराई से प्रवेश करने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें कानूनी बिरादरी का अग्रदूत बनने के लिए तैयार करते हैं।

## शोभित विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा कार्यशाला व साइबर शील्ड्स अप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा साइबर शील्ड्स अप हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग ऑन फिशिंग डिटेक्शन विषय पर एक विशेष साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता एचसीएल टेक के साइबर सुरक्षा विश्लेषक आशु अग्रवाल थे। उन्होंने साइबर सुरक्षा के बढ़ते खतरों और फिशिंग हमलों से बचने के प्रभावी तरीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी ने अपने ज्ञानवर्धक विचार साझा किए और छात्रों को साइबर सुरक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ाते हैं बल्कि डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। कार्यशाला की



संयोजक प्रो. डॉ. निधि त्यागी, निदेशक, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग, शोभित विश्व विद्यालय, मेरठ रहीं।

इस कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्रोफेसर सुश्री निमरा मिर्जा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विवि कंप्यूटर सेंटर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में छात्र, संकाय सदस्य और साइबर सुरक्षा में रुचि रखने वाले लोग उपस्थित रहे। इस दौरान प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से वास्तविक साइबर हमलों से बचाव के उपाय सिखाए गए। छात्रों ने इस कार्यशाला में गहरी रुचि दिखाई और उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने साइबर सुरक्षा से जुड़ी नई तकनीकों को सीखा और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। शोभित विश्वविद्यालय, जो कि एनएएसी (ए) ग्रेड से मान्यता प्राप्त डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय है, इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को उन्नत तकनीकी कौशल प्रदान करने की दिशा में सतत् प्रयासरत है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### आरसीबी ने पहले गेंदबाजी का किया फैसला

**वडोदरा, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को टॉस जीतकर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां आरसीबी की कप्तान स्मृति मांधना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। टॉस के बाद मांधना ने कहा कि ओस को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी का निर्णय किया है। मांधना ने कहा कि दूसरी पारी में विकेट भी अच्छा खेलती है हालांकि पहले उनकी गें. दबाजों का प्रयास होगा दिल्ली की टीम को दबाव में डाला जाए। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है। प्रेमा की जगह आज एकता को बेंगलुरु के टीम में शामिल किया गया है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी करना ही पसंद करती हैं। ऐलिस कैप्सी और निक्की प्रसाद की जगह मैरीजान कप्प और जेस जॉनासन आज का मैच खेल रही हैं।

### ईरान, उज्बेकिस्तान एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में

**शेन्ज़ेन, वार्ता।** ईरान ने एएफसी अंडर20 एशियाई कप के ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों से खेल रहे यमन को 6-0 से तथा उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं। रविवार को खेले गए मुकाबलों में लगातार दो जीत के साथ ईरान और उज्बेकिस्तान ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रुप बी के मुकाबले में आमिर फैसल के गोल ने इराक को सऊदी अरब पर 1-0 से जीत दिलाई, जबकि इब्राहिम सबरा के दो गोल के बदौलत जॉर्डन को दक्षिण कोरिया पर 2-1 से जीत मिली। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। जबकि सऊदी अरब और जॉर्डन इराक से एक अंक पीछे है। दक्षिण कोरिया एक अंक के साथ सबसे नीचे पायदान पर है। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

### झा ने जीता नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में 85 प्लस किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंती झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में 85 प्लस किलोग्राम वर्ग में पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक अपने नाम किया। पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने अपना रजत पदक महाकुंभ में जान गवांने वाले लोगों को समर्पित किया है। यह टूर्नामेंट 13 फरवरी से 15 फरवरी चला। नॉर्वे के फ्रेविक ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। स्वदेश पहुंचने पर झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं।

## FIH हॉकी लीग में भारत ने स्पेन को रौंदा

**■ भारतीय टीम के लिए मनदीप और दिलप्रीत ने गोलकर दिलाई जीत**




**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) में स्पेन को 2-0 से हराकर पहले मैच में मिली 1-3 की हार का बदला ले लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह की गैर मौजूदगी में रविवार रात खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए मनदीप सिंह ने (32वें) मिनट और दिलप्रीत सिंह ने (39वें) मिनट में गोल कर भारत को इस सीजन की पहली जीत दिलाई।

भारतीय कप्तान को इस मैच में आराम दिया था। पहले क्वार्टर में भारत ने जहां शानदार रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया वहीं स्पेन की टीम आक्रामक रही। इसके बावजूद पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी। हाफ-टाइम के बाद मनदीप ने दिलप्रीत की मदद से गतिरोध को तोड़ते हुए 32वें मिनट में गोलकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद कई पेनल्टी कॉर्नर हुए लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रही। अंतिम क्वार्टर में स्पेन ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन भारतीय हॉकी टीम की रणनीति के आगे उनकी एक न चली और भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा।

### अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता आज से

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया और छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका वर्ग की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सबजूनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 26 फरवरी तक किया जायेगा। जूनियर और सब जूनियर वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होगी। इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में आठ जिलो की टीमें तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में नौ जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फरवरी को शाम चार बजे किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दी है। इसको लेकर हॉकी राजनांदगांव और हॉकी छत्तीसगढ के कार्यकर्ता एवं खिलाडी कडी मेहनत कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होने वाली अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 से 22 फरवरी तक आयोजित है इस प्रतियोगिता में स्पोटर्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीरचांपा, कोरबा, कांकेर, कबीरधाम के अलावा मेजबान मेजबान राजनांदगांव तथा सबजूनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, कबीरधाम, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, के अलावा मेजबान राजनांदगांव की बालिकाएं अपने कौशल का प्रदर्शन करेगीं। जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को दो लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए एक लाख 60 हजार तथा तीसरे स्थान के लिए एक लाख 20 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

**■ ऑस्ट्रेलियाई टीम 22 फरवरी को इंग्लैंड से खेलेगी पहला मैच**

**कराची, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 'एक्स' पर लिखा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे। टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोल. बो से पाकिस्तान पहुंचे। दूसरा समूह भी कोलंबो से दुबई होते हुए लाहौर पहुंचा जिसमें 15 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के दो अतिरिक्त सदस्य शामिल थे। हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाले भारत की तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी क्योंकि वे हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलकर यहां आए हैं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया अपना दूसरा मैच 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा जबकि 28 फरवरी को फिर से गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगा।

## दानिश व ध्रुव की फिफ्टी, विदर्भ हुई मजबूत





**■ विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट पर 308 रन बनाए**

**नागपुर, वार्ता।** दानिश मालेवर (79) और ध्रुव शौरी (74) की जूझारू अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुम्बई के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। विदर्भ ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत खराब रही और उसने 39 के स्कोर पर अथर्व तायडे (चार) का विकेट गवां दिया। इसके ध्रुव शौरी और पार्थ रेखड़े ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शिवम दुबे ने पार्थ रेखड़े (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये दानिश मालेवर ने ध्रुव शौरी का बखूबी साथ निभाया। शम्स मुलानी ने शतक की ओर बढ़ रहे ध्रुव शौरी को रहाणो के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। ध्रुव शौरी ने 109 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। करुण नायर (45) रन बनाकर आउट हुए।

दानिश मालेवर 157 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (79) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यश राठौड़ (नाबाद 47) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 13) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई के लिए शिवम दुबे और शम्स मुलानी ने दो-दो विकेट लिए। रॉयस्टन डायस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**लखनऊ, वार्ता।** रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में रक्षा लेखा विभाग के 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 18 से 21 फरवरी तक लखनऊ छावनी स्थित 'सूर्या खेल परिसर (एसकेपी') में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर पांच श्रेणियों पुरुष और महिला (एकल), पुरुष और महिला (युगल) और मिश्रित डबल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में पूरे भारत के 31 नियंत्रक कार्यालय से कुल लगभग 192 प्रतिभागी (पुरुष/महिला) भाग लेंगे। टूर्नामेंट में 131 पुरुष और 61 महिलाएं भाग लेंगी। टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी, ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। इसमें खेल कोटा के तहत 13 खिलाड़ी, आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 41 अधिकारी और ओपन श्रेणी के तहत 138 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को हराया




### आयरलैंड ने छह विकेट से जीता मैच

**हरारे, वार्ता।** कर्टिस कैमफर (तीन विकेटऔर 63 रन) के हरफनमौला और कप्तान पॉल स्टर्लिंग (89) रनों शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आयरलैंड ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आठ गेंद शेष रहते 249 रन बनाकर जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया है।

इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। जिम्बाब्वे के 245 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छठे ओवर में एंडी बैलबर्नी (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कर्टिस कैमफर ने कप्तान पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में ट्रेवर ग्वांडू ने कर्टिस कैमफर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कर्टिस कैमफर ने 94 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (63) रनों की पारी खेली। इसके बाद हैरी टेक्टर (सात) रन बनाकर आउट हुए। 40वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान पॉल स्टर्लिंग को आउटकर जिम्बाब्वे को चौथी सफलता दिलाई। पॉल स्टर्लिंग ने 102 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (89) रन बनाए। लोर्कान टकर (नाबाद 36) और जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 20) ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 48.4 ओवर में 249 रन बनाकर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। लोर्कान टकर ने टीम के लिए विजयी चौका लगाया। जिम्बाब्वे की ओर से ट्रेवर ग्वांडू ने दो विकेट लिए। ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड एन्गारावा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर आयरलैंड ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में मार्क ऐडेर ने ब्रायन बेनेट(30) को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जॉश लिटिल ने कप्तान क्रेग्र एर्विन (चार) को बोल्ड कर जिम्बावे को दूसरा झटका दिया। बेन कर्रन(18) को मैकब्राइन बोल्ड किया। इसके बाद वेस्ली मधेवेरे और सिकंदर रजा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेजों के बीच चौथे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में कर्टिस कैमफर ने वेस्ली मेधेवेरे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्ली मेधेवेरे ने 70गेंदों में छह चौके लगाते हुए (60) रनों की पारी खेली। जोनाथन कैंपबेल (दो) और तड़िवनाशे मारुमानी (शून्य) को भी कैमफर ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर नहीं टिक सका। जिम्बाब्वे का सातवां विकेट सिकंदर रजा के रूप में गिरा। उन्हें मार्क ऐडेर ने आउट किया। सिकंदर रजा ने 75 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाए।

## सचिन बेबी की फिफ्टी से केरल बड़े स्कोर की ओर




**सचिन बेबी ने नाबाद 69 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** सचिन बेबी (नाबाद 69) रनों की अर्द्धशतकीय जूझारू पारी की बदौलत केरल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मुक. ाबले में चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं। केरल ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केरल के लिए अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नुमल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में अक्षय चंद्रन (30) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद रवि बिश्नोई ने रोहन कुन्नुमल (30) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। वरुण नयनार (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जलज सक्सेना ने सचिन बेबी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। अरजान नागवासवाला ने जलज सक्सेना (30) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं और सचिन बेबी (नाबाद 69) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला, प्रियजीत सिंह जाडेजा और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खडसे ने किया महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन

**■ 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रेड फिनाले में पहुंच चुके है**

**■ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ई-स्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी**

**पुणे, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 का सोमवार को उद्घाटन किया। प्रतिष्ठित एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में आयोजित यह चैंपियनशिप राज्य के खेल इतिहास और देश के उभरते ईस्पोर्ट्स उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में कार्य करती है।

फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया (एफईएआई) और मराठा ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन (एमईए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भर से 2100 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रैंड फिनाले में पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर श्रीमती खड्से ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ईस्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी है, ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स 2027 में शुरू होने वाले हैं। आईओसी के फैसले ने भारत सहित कई देशों को ईस्पोर्ट्स को वैध खेल के रूप में समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है।

इस प्रक्रिया में महाराष्ट्र की सक्रिय भूमिका इसे डिजिटल खेल क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि ईस्पोर्ट्स का विकास वैश्विक स्तर पर जारी है, 2023 एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में ऐसे पुरस्कार दिए जा रहे हैं जो आईपीएल जैसी पारंपरिक खेल लीगों को टक्कर देते हैं। सऊदी अरब में 2027 ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स में भी ईस्पोर्ट्स के प्रमुख होने की उम्मीद है, जहाँ दुनिया भर के खिलाड़ी ओलंपिक इतिहास में पहली बार प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईस्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने दिसंबर 2023 में युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत ईस्पोर्ट्स को औपचारिक रूप से 'मल्टीस्पोर्ट इवेंट' के रूप में वर्गीकृत किया, जिससे इसकी स्थिति और मजबूत हुई। पिछले सप्ताह सरकार ने ईस्पोर्ट्स खिलाड़ियों को अन्य पारंपरिक खेलों की तरह ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। ईस्पोर्ट्स एथलीटों के लिए बुनियादी ढाँचा, वित्त पोषण और अवसर विकसित करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की बदौलत महाराष्ट्र अब देश का ईस्पोर्ट्स हब बनने के लिए तैयार है।

### श्याम लाल कॉलेज ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को एकतरफा फाइनल मुकाबले में इंदि. रा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 7-2 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। आज यहां श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए आशीष और मोहित ने दो-दो और प्रवीण, दीपक और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने एक-एक गोल दागे। वहीं पराजित टीम के लिए नवीन राठी और सुमित ने एक-एक गोल किया। चैंपियन श्याम लाल कॉलेज के मनमोहन को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के प्रवीण को मिला। टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर से बीजेपी के विधायक जितेंद्र महाजन, श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर रहे।

## चैंपियंस ट्रॉफी: न्यूजीलैंड से रहना होगा सावधान

**● मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे, भारतीय गेंदबाजों पर रहेगी नजर, पाकिस्तान की बल्लेबाजी कमजोर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को शुरू होने में अब बस दो दिन बचे हैं। इसके मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में आठ टीमें भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एक्शन में दिखेंगी। मजबूती- बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम दक्षिण अफीका और पाकिस्तान के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रबल दावेदारों में से एक होगी।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत ने अपनी मेजबानी में इंग्लैंड को 3-0 से हराकर अपनी तैयारियों के संकेत दे दिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने भी शतक लगाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। विराट भी पुराने टच में दिखने लगे हैं। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल बेहतरीन लय में हैं और मध्यक्रम को श्रेयस अ"यर मजबूती प्रदान कर रहे हैं। गेंदबाजी में भारत का स्पिन विभाग रवींद्र जडेजा, कुलदीप, अक्षर और वरुण की मौजूदगी से मजबूत नजर आता है। भारत के ग्रुप में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। भारत दो बार ट्रॉफी जीत चुका है, पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में इंग्लैंड में जीती थी जबकि 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता था। पिछली दो बार से फाइनल में पहुंच रही भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 69.2 है। उसने अब तक 29 में से 18 मैच जीते हैं। कमजोरी- तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित रूप से भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाएगी। बुमराह हाल के दिनों में तीनों फॉर्मेट्स में भारत के सबसे बड़े मैच विजेता के रूप में उभरे हैं। वह लगभग हर बार जब गेंदबाजी करते हैं तो एक विकेट की गारंटी देते हैं। बुमराह के नहीं होने से मोहम्मद शमी टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज होंगे। शमी ने खुद चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। इसलिए उनके फॉर्म को लेकर हमेशा अनिश्चितता बनी रहेगी। अवसर: वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मिस्ट्री स्पिनर ने इंग्लैंड के खिलाफ एक शानदार टी20 सीरीज खेली थी। यह टूर्नामेंट उनके लिए भारत की वनडे टीम में जगह बनाने का मौका हो सकता है। खतरा- पिछले साल आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल को छोड़कर भारत हाल के वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में ही लड़खड़ा गया है। भारत को इतिहास से सावधान रहना चाहिए बशर्ते वे इस बार फाइनल के लिए क्वालिफाई करें। मजबूती- मेजबान टीम के पास विध्वंसक खिलाड़ी हैं जो अपना दिन होने पर खतरनाक साबित हो सकते हैं। फखर जमां ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को परेशान किया था। वह बाबर आजम से ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। कप्तान मोहम्मद रिजवान और फिनिशर सलमान अली आगा शानदार फॉर्म में हैं। अपने घर में खेलने का पाकिस्तान को फायदा मिलेगा। उनके पास अच्छा तेज आक्रमण है, लेकिन कराची और रावलपिंडी की पिचों से मदद मिलना जरूरी है ताकि शाहीन शाह आफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ कमाल दिखा सकें। कमजोरी- सैम अयूब की असामयिक चोट ने पाकिस्तान को ओपनिंग में कमजोर किया है। साथ ही बाबर के फॉर्म के बारे में भी टीम मैनेजमेंट को चिंताएं होंगी। यहां तक कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफीका की मौजूदगी वाली त्रिकोणीय सीरीज में भी बाबर (10, 23 और 29) कुछ खास नहीं कर पाए थे। कामरान गुलाम, खुशदिल शाह और तैयब ताहिर को मौका मिलने पर उसे भुनाना होगा। खुशदिल और फहीम अशरफ इस टीम की कमजोर कड़ी हैं। घर पर पाटा पिच पर बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की धुनाई कर सकते हैं।


# सम्पादकीय

मंगलवार, 18 फरवरी 2025

## सोशल मीडिया की जवाबदेही

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कंटेंट के बाबत जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इसके संचालकों को चाहिए कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक शिष्टाचार का अतिक्रमण न करें। हाल के दिनों में सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफॉर्मों के कार्यक्रमों में स्वेच्छाचारिता और वर्जनाएं तोड़ने के अनगिनत मामले प्रकाश में आए हैं। जो भारतीय सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों का अतिक्रमण करते हुए अराजक व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही, जिसमें अभद्रता से सामाजिक मर्यादा की सीमाएं लांघने की कुत्सित कोशिश हुई। पिछले दिनों कामेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इडियाज गाट टैलेंट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट!यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता-पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में भारी विवाद हुआ। देश के विभिन्न भागों में इस मामले में शिकायतें दर्ज की गईं, और राष्ट्रीय महिला आयोग ने ऐसे कार्यक्रमों के नियमन की मांग करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की। साथ ही राष्ट्रीय मानवा. धिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आईं। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निर्माताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। साथ ही रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक शिष्टाचार में सामंजस्य कैसे बनाया जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फालोअर्स बढ़ाने के लिए तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर-गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल-जलूल कार्यक्रमों को मिलता है। इन कार्यक्रमों के ज्यादा देखे जाने से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का विज्ञापन भी बढ़ता है। इसी होड़ में अमर्यादित और विवादास्पद कार्यक्रमों की शृंखला का जन्म होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सोशल मीडिया नियमन को लेकर बने कानून इस अराजकता पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं, क्या इलेक्ट्रानिक माध्यमों के जरिये प्रसारित सामग्री पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम को सख्त बनाने की जरूरत है। क्या अश्लील अभिव्यक्ति को दंडनीय बनाने के लिए सख्त कानूनों की जरूरत है, सवाल यह भी है कि हंसी मजाक के कार्यक्रमों के लिए सामाजिक मर्यादाओं की सीमा कैसे तय की जाए, जाहिर है अब वक्त आ गया है कि मनोरंजक हास्य कार्यक्रमों और आपत्तिजनक कंटेंट के बीच सीमा का निर्धारण किया जाए। निस्संदेह, किसी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य शर्त है, लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि हम तमाम सामाजिक व पारिवारिक मर्यादाओं को ताक पर रख दें। किसी भी सूरत में सोशल मीडिया को एंटी सोशल अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी जा सकती।

## चीन के प्रति अपने नजरिए को बदले भारत



भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए, चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए, मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है, हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए, भारत को चीन के प्रति अपने नजरिए को बदलने की जरूरत की है, हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है, अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है, हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा।

**सैम पित्रोदा**
**अध्यक्ष, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस**

## अमेरिकी हठधर्मी की हदें पार...

अमेरिका से अवैध प्रवासियों का तीसरा जत्था भारत लौट चुका है। तमाम विरोध के बाद भी पिछली बार की तरह इस बार भी विमान में मौजूद हर भारतीय के हाथ-पैर में हथकड़ियां और बेड़ियां लगाई गईं थी, जिसकी जानकारी पंजाब युवाओं ने बातचीत के दौरान दी है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को एक बार फिर से हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां लगाकर भारत तक लाया गया। साफ जाहिर है की अमेरिका अपनी हठधर्मी से बाज नहीं आ रहा है। अमेरिका से लौटे पंजाब के युवाओं ने बताया कि डिटेंशन सेंटर से लेकर पूरे रास्ते में विमान से भारत की यात्रा तक उन्हें हाथों-पैरों से जंजीरों में बांध के रखा गया। बाथरूम जाने के दौरान भी उनके हाथों-पैरों पर बेड़ियां बंधी रही। अमेरिका से डिपोर्ट हुए दो युवकों को पंजाब की राजपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमान. जनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाए देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रम्प प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है।
हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किए उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिए तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया, ताकि मोदी-ट्रम्प की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रम्प व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था, लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और सामाजिक संपदा के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिए चिह्नित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे। निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमे. रिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।



## कब्ज की समस्या का जड़ से इलाज करेगा मसाले का पानी...

स्वस्थ रहने के लिए रोजाना पेट का साफ होना और डाइजेशन का हेल्दी होना बेहद जरूरी होता है। हालांकि अक्सर लोग पेट साफ न होने या फिर कब्ज की समस्या को मजाक में ले लेते हैं। लेकिन हेल्दी डाइजेशन में हेल्दी सेहत का राज छिपा है। पेट सही से साफ न होने पर, भारीपन, पेट में ऐंठन, छाती में जलन, सिरदर्द, बवासीर और गैस हो सकती है। वहीं रोजाना पेट साफ करने के लिए लोग सीरप या फिर टैबलेट का सहारा लेते हैं। लेकिन यह सही नहीं माना जाता है।

बता दें कि आप कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए रसोई में मौजूद कुछ मसालों के पानी का सेवन कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन्हीं मसालों से बनने वाली एक ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं। जो आपको कब्ज की समस्या से राहत देने में मदद करेगा।

### सामग्री...

- अजवाइन- चौथाई टीस्पून
- जीरा- चौथाई टीस्पून
- धनिये के बीज- 1 टीस्पून
- घी- 1 टीस्पून
- पानी- 1 गिलास

### विधि...

सबसे पहले एक पैन में सभी चीजों को ड्राई रोस्ट कर लें। फिर इन सभी चीजों को पीस लें और एक गिलास में गुनगुना पानी लें। इसके बाद इसमें घी डालकर इसको अच्छे से मिक्स कर लें। अब रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

### आजमाएं यह घरेलू नुस्खा

पेट की गैस और ऐंठन को दूर करने में अजवाइन सहायता करती है। इसमें मौजूद फाइबर मल त्याग को



मुलायम बनाकर इसको आसानी से बाहर निकालने में मदद करती है।

अजवाइन में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट मौजूद होता है, जो सूजन को कम करता है। इसमें मौजूद थाइमोल हमारे पाचन को दुरुस्त बनाता है और गैस व बदहजमी से भी राहत देता है।

वहीं जीरे को नैचुरल लैक्सेटिव माना जाता है। जोकि पेट को साफ करने में मदद करता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और पाचन आसान होता है। बता दें कि जीरा अपच दूर करने में सहायक होता है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। साथ ही इसका सेवन करने से ब्लोटिंग और गैस में भी आराम मिलता है। वहीं अजवाइन और जीरा मोटापा कम करने में मदद करता है।

घी एक नेचुरल लुब्रिकेंट होता है और इसमें हेल्दी फैट्स और ब्यूरेटिक एसिड पाया जाता है। इससे मल आसानी से बाहर निकलता है और कब्ज दूर होता है।

अगर आप गुनगुने पानी में घी मिलाकर पीती हैं। तो इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

धनिया के बीज और पत्ता दोनों ही कब्ज की समस्या दूर करने में सहायक होता है। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स बाहर निकलता है और खाना अच्छे से पचता है।

## कोरल भी चलते हैं लेकिन घोंघों से भी धीमे

**अधिकतर** कोरल को देखकर ऐसा लग सकता है कि वे बस एक जगह जमे रहते हैं, अपनी जगह छोड़कर जरा भी यहां-वहां टहलते नहीं। बस अपना भोजन पाने के लिए थोड़ा लहरा-लहरा कर पास से गुजरते जंतु-प्लवकों को पकड़ लेते हैं। लेकिन इनकी कुछ प्रजातियां थोड़ा घुमक्कड़ भी होती हैं। ऐसी ही कुछ घुमक्कड़ प्रजातियां मशरूम कोरल (**Fungiidae**) कुल की सदस्य हैं। इस कुल के सदस्य देखने में ऐसे लगते हैं जैसे कोमल सुइयों का कोई चमकीला तकिया हों।

अवलोकनों से इतना तो पता चल चुका है कि मशरूम कोरल कुल के कुछ सदस्य स्थिर और माकूल तापमान और प्रचुर भोजन के लिए भीड़-भाड़ वाले उथले समंदर से शांत, गहरे समंदर की ओर कूच करते हैं। लेकन यह सवाल अब तक सवाल ही था कि ये कोरल गति कैसे करते हैं? क्या ये शांत गहरे पानी तक पहुंचने के लिए अन्य जीवों (के शरीर) से 'लिफ्ट' लेते हैं? या वे अपने ऊतकों का इस्तेमाल नाव की पाल की तरह करते हैं, जिस तरह हवाएं पाल के जरिए नाव को गति देती है वैसे ही पानी पालनुमा ऊतक के सहारे इन्हें बहा ले जाता है।

प्लॉस वन में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ है, जिसमें कोरल के बारे में उपरोक्त अनुत्तरित सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की गई है। डिस्क कोरल (**Cycloseris cyclolites**) पर अध्ययन कर शोधकर्ताओं ने पाया कि गुंबद सरीखे शरीर वाले डिस्क कोरल प्रकाश स्रोत की दिशा में 'जाने' के लिए अपने शरीर को लुढ़काते हैं, फिसलाते हैं, और क्रमाकुंचन (यानी क्रमशरू फैलना-सिकुड़ना) की मदद से आगे बढ़ाते हैं। कोरल बेहतर पकड़ के लिए अपने बाहरी ऊतकों के कुछ हिस्सों को फुलाते हैं, फिर अपने ऊतकों को



थोड़ा मरोड़ते हैं, फिर और संकुचित होकर अपने शरीर को आगे की ओर खींचते हैं। यानी कोरल काफी हद तक जेलीफिश की चाल चलते हैं।

यह भी देखा गया कि कोरल विशेष रूप से नीली रोशनी के प्रति संवेदनशील होते हैं-कुछ मामलों में कोरल प्रकाश स्रोत की ओर 22 से.मी. तक बढ़े थे। चूंकि नीला प्रकाश अन्य रंगों की तुलना में पानी में अधिक गहराई तक जाता है, इसलिए इस रंग की रोशनी मशरूम कोरल को अपनी पसंदीदा छायादार और माकूल गहराई तक पहुंचने में मदद कर सकती है। एक और बात पता चली कि जैसे-जैसे कोरल बड़े होते जाते हैं उनके लिए घूमना मुश्किल होता जाता है। इसलिए वे ऐसी गति से आगे बढ़ते हैं कि चलना भारी न पड़े। वैसे, लगता तो ऐसा है कि उन्हें अपने गंतव्य पर पहुंचने की कोई जल्दी नहीं होती। कोरल हर 24 घंटे में औसतन 4.5 से.मी. नीली रोशनी की ओर बढ़ते हैं-सुस्ती के लिए मशहूर घोंघे से भी बहुत, बहुत धीमी गति से।

स्रोत फीचर्स

## यूएस के रवैये से सचेत रहने की जरूरत...

पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा संक्षिप्त, लेकिन सुर्खियां बटोरने वाले घटनाक्रमों से भरी रही। यह यात्रा संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ लेने के एक महीने से भी कम समय बाद हुई और मोदी उनके साथ द्विपक्षीय बैठकें करने वाले इजराइल, जापान और जार्डन जैसे अमेरिका के करीबी सहयोगी देशों के नेताओं के बाद दुनिया के चौथे नेता बने। बाद में जारी संयुक्त वक्तव्य में कई महत्वपूर्ण चर्चाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

यों तो कई घोषणाएं भारत द्वारा अमेरिकी सामानों की खरीद और अमेरिका में निवेश पर केंद्रित थीं, लेकिन वे उन कुछ सख्त कदमों से बचने में कामयाब रहीं, जिनकी आशंका कई लोगों ने जताई थी। दोनों पक्षों ने 'मिशन 500' (2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार) का शुभारंभ किया और मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की, जिसके मसौदे के पहले चरण के इस साल सामने आने की संभावना है। ट्रम्प ने अमेरिकी ऊर्जा, तेल तथा रक्षा उपकरणों की भारतीय खरीद में बढ़ोतरी का एलान किया और इस कदम से कुल 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर के माल व्यापार में 45.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी व्यापार घाटे को संतुलित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को सुव्यवस्थित करने के वास्ते 21वीं सदी की सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी के लिए एक नए समग्र ढांचे, काम्पैक्ट, या उत्प्रेरक अवसरों को लेकर भी समझौता हुआ।

दोनों पक्षों ने इस साल एआई के बुनियादी ढांचे से जुड़ा एक रोडमैप विकसित करने की प्रतिबद्धता के साथ सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और एआई पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बाइडेन युग की 'अहम एवं उभरती हुई तकनीक संबंधी पहल (आईसीईटी)' को 'रणनीतिक तकनीक के उपयोग के जरिए पारस्परिक संबंधों का रूपांतरण (ट्रस्ट)' के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया। एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया जब ट्रम्प ने 26/11 हमलों में शामिल तहव्वुर राणा को मुकदमा चलने के मकसद से भारत को प्रत्यर्पित करने की मंजूरी का ऐलान किया। एकबारगी ट्रम्प की अपरंपरागत टिप्पणियों और इस प्रारूप में मीडिया के साथ मोदी के विरले संवाद से उठे गर्दोगुबार के थम जाने के बाद, भारत को इस यात्रा से व्यापक निहितार्थों का आकलन करना चाहिए। सकारात्मक दृश्यावलियां और दोनों नेताओं के बीच का सौहार्द्र अगले चार सालों के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के लिए एक मजबूत नींव का संकेत देते हैं। हिंद-प्रशांत जुड़ाव और क्वाड सहित रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों में भी स्पष्ट निरंत. रता है और इस साल के अंत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए ट्रम्प की दिल्ली की योजनाबद्ध यात्रा से इन प्रतिबद्धताओं के मजबूत होने की उम्मीद है। हालांकि भारत और अमेरिका के एजेंडे में आर्थिक चर्चा, व्यापार, ऊर्जा, परमाणु सहयोग और रक्षा संबंधी मसलों के ही हावी रहने की संभावना है, जोकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल की याद दिलाते हुए द्विपक्षीय रिश्ते को एक लेन-देन वाला मोड़ देता है। इस बात के बहुत ज्यादा सबूत नहीं हैं कि मोदी की यात्रा ने जवाबी-शुल्क और पारस्परिक कर लगाने के मसले पर ट्रम्प के रुख को काफी हद तक नरम कर दिया या सैन्य जहाजों में भरकर भेजे जाने वाले बिना दस्तावेज वाले अप्रवा. सियों के निर्वासन के दौरान अपेक्षाकृत ज्यादा मानवीय नजरिया अपनाने के लिए उन्हें तैयार कर लिया। ये मसले आगे चलकर भारत सरकार के लिए चुनौतियां पेश कर सकते हैं। अब जबकि भारत अमेरिका के नए प्रशासन के साथ जुड़ रहा है, उसे सावधानीपूर्वक अपने हितों का आकलन करना चाहिए और जहां जरूरी हो वहां अपनी स्थिति पर जोर देना चाहिए तथा जरूरत के हिसाब से अपनी रणनी. तिक व आर्थिक प्राथमिकताओं की रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाने चाहिए।







# सीएम के नामों पर संघ से नहीं मिली हरी झंडी!

## बीजेपी दे सकती है दिल्ली में सरप्राइज, पहले भी बदले हैं कई सीएम के चेहरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कमान होगी किसके हाथ यह इस वक्त का सबसे बड़ा सवाल है। सोमवार को विधायक दल की बैठक तय हुई थी, जिसमें यह कहा जा रहा था कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का ऐलान संभवत: हो जाएगा। लेकिन यह बैठक फिर से टल गई है। ऐसे में कई ऐसे कयास हैं जो लगाए जा रहे हैं।

**क्या संघ से नहीं मिली है मंजूरी**

इस समय अगर बीजेपी के पास सबसे बड़े फैक्टर है तो वो है कि बिना आरएसएस के किसी भी बड़े नेता का ऐलान नहीं हो सकता है। ऐसे में सूत्रों की मांनें, तो कहा जा रहा है कि संघ दिल्ली की कमान उस नेता को देना चाहता है जो संघ का करीबी भी हो और बहुसख्यक वोट बैंक को साधने में भी वो सक्षम हो अगर ऐसा होता है, तो दिल्ली में नूपुर शर्मा के नाम पर मुहर लग सकती है।

**आज होनी थी बैठक**

इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को मौजूदगी में विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा और उसके बाद एलजी के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। पार्टी के विधायकों को भी यह संदेश दे दिया गया था कि सोमवार को उन्हें दिल्ली में ही रहना है। शाम तक ऐसी भी खबरें आई कि विधायक दल की बैठक के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहरण समारोह भी हो सकता है।

**19 को होगी अब बैठक**

पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बैठक को अभी स्थगित कर दिया गया है।

अब 20 तारीख को या उसके बाद बैठक बुलाई जाएगी। कारण यह बताया गया कि 19 तारीख को दिल्ली के झंडेवालान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय का उद्घाटन होना है, पार्टी के भी कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसी वजह से अब 20 तारीख के बाद निर्णय लिया जाएगा।



**टलने का बताया जा रहा है यह कारण**

हालांकि, विधायक दल की बैठक को टालने के पीछे एक बड़ा कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुए हादसे को भी माना जा रहा है, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद से ही केंद्र सरकार, केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे प्रशासन विपक्ष के निशाने पर हैं। मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए बीजेपी ने रविवार को अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए थे।

**बीजेपी आसानी से बदल देती है सीएम**

सीएम को लेकर अंतिम निर्णय निश्चित रूप से केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से किया जाता है। केंद्रीय नेतृत्व 2014 से दस बार विभिन्न राज्यों में सीएम बदल चुका है। इसमें उत्तराखंड और गुजरात में दो-दो बार मुख्यमंत्री बदलना शामिल है। सीएम बदलने के इस बड़े काम को संभालना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्यों और बीजेपी के कार्यकर्ताओं में व्यापक अपील का स्पष्ट प्रतिबिंब है।

## लो प्रोफाइल वाले नए चेहरों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** तथ्य यह है कि बीजेपी ने 2014 के बाद 12 मौकों पर काफी लो प्रोफाइल वाले नए चेहरे नियुक्त किए हैं। इनमें 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले और एक के बाद चार शामिल हैं। यह भी एक कड़ा संदेश देता है। पार्टी के एक नेता ने समझाया कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व एक ऐसा सख्त शासन चलाना चाहता है जिसमें कोई भी क्षेत्रीय नेता संगठन से बड़ा न हो और पार्टी की राज्य इकाइयां संगठन कैडर संचालित होनी चाहिए, न कि व्यक्तित्व संचालित।

**पुराने CM को केंद्र में दिया मौका**


सीएम बदलने के बाद इनमें से कई नेताओं को केंद्र का हिस्सा बना दिया गया। असम के पूर्व सीएम सर्बानंद सोनोवाल और शिवराज चौहान जो वर्तमान में केंद्रीय मंत्री हैं। इसी तरह, हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर भी केंद्रीय मंत्री हैं। 2014 में सीएम पद के लिए चुने गए कई नेता ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए और लोकसभा में हैं। इनमें हरियाणा में मनोहर खट्टर, उत्तराखंड में त्रिवेंद्र रावत, कर्नाटक में बसवराज, त्रिपुरा में बिप्लब देब शामिल हैं।

## दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की सूची

- चौधरी ब्रह्म प्रकाश 17 मार्च 1952 से 12 फरवरी 1955 तक वो दिल्ली के पहले सीएम रहे हैं।
- गुरुमुख निहाल सिंह 12 फरवरी 1955 से 1 नवम्बर 1956 तक दिल्ली के दूसरे सीएम बने थे।
- मदन लाल खुराना 2 दिसम्बर 1993-26 फरवरी 1996 तक दिल्ली की तीसरे सीएम के रूप में कमान संभाली।
- साहिब सिंह वर्मा 26 फरवरी 1996-12 अक्टूबर 1998 तक सीएम रहे हैं।
- सुषमा स्वराज 12 अक्टूबर 1998-3 दिसम्बर 1998 तक दिल्ली की 5वीं सीएम रहीं थी।
- शीला दीक्षित ने 3 दिसम्बर 1998 से 28 दिसम्बर 2013 तक दिल्ली की सीएम की कमान संभाली
- अरविन्द केजरीवाल 28 दिसम्बर 2013-14 फरवरी 2014 तक तीन बार दिल्ली के सीएम रहे।
- 15 फरवरी 2014 – 13 फरवरी 2015 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन रहा।
- आतिशी मार्लेना 21 सितम्बर 2024-वर्तमान तक दिल्ली की सीएम हैं।

# भाजपा ने कई बार किए प्रयोग, गलत भी साबित हुए फैसले

### कर्नाटक में गलत साबित हुए



कर्नाटक में 2023 में विधानसभा चुनाव हुए और सत्तारूढ़ बीजेपी को बड़ी हार मिली थी। राज्य में कांग्रेस ने सरकार बनाई। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से ठीक डेढ़ साल पहले बीजेपी ने सीएम फेस बदला था। बीजेपी ने जुलाई 2021 में कर्नाटक के तत्कालीन सीएम बीएस येदियुरप्पा को पद से हटाया और सीएम पद की जिम्मेदारी बसवराज बोम्मई को सौंप दी। दक्षिण के दुर्ग को बचाने के लिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने जोर-शोर से कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

### उत्तराखंड में हुए प्रयोग



सीएम चेहरा बदलकर सत्ता में वापसी का बीजेपी का सबसे सफल प्रयोग उत्तराखंड का रहा है। उत्तराखंड में बीजेपी नेतृत्व को अंदाजा हो चुका था कि पार्टी जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी लहर से जूझ रही है। इसकी काट के लिए बीजेपी ने दो बार राज्य में अपने मुख्यमंत्री बदले। 2017 में बीज.पी जब उत्तराखंड में चुनाव जीती, तो त्रिवेंद्र सिंह रावत को सीएम बनाया गया। 2021 आते-आते रावत के खिलाफ विधायकों का असंतोष बढ़ गया। लिहाजा आलाकमान ने रावत को सीएम पद से हटा दिया और 10 मार्च 2021 को राज्य की बागडोर तीरथ सिंह रावत को सौंप दी गई। तीरथ सिंह रावत सत्ता, जनता और प्रशासन पर छाप छोड़ने में सफल नहीं रहे और 4 महीने बाद सीएम पद से उनकी छुट्टी हो गई। उसके बाद 4 जुलाई 2021 को पुष्कर सिंह धामी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया। मार्च 2022 में बीजेपी पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चुनावी जंग में उतरी और जीत हासिल की।

### भूपेंद्र ने दिलाई कामयाबी



पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने की वजह से यहां की छोटी सी राजनीतिक और सामाजिक हलचल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए बीजेपी के लिए इस राज्य की सत्ता बेहद महत्वपूर्ण है। 2017 में जब बीजेपी की इस राज्य में सरकार बनी तो विजय रूपानी सीएम बने। रूपानी का कार्यकाल दिसंबर 2022 में खत्म हो रहा था, लेकिन बीजेपी ने माहौल भांपते हुए विधानसभा चुनाव से पहले सितंबर 2021 में ही नेतृत्व में बदलाव कर दिया और सीएम पद की जिम्मेदारी भूपेंद्र पटेल को दे दी।

### त्रिपुरा में साहा के सजा ताज



त्रिपुरा में लेफ्ट का किला ध्वस्तकर बीजेपी ने मार्च 2018 में पहली बार कमल खिलाया। इस विस्मयकारी विजय के बाद बीजेपी ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी बिपल्ब देव को। बिपल्ब देब का कार्यकाल 2023 में खत्म होने वाला था, लेकिन विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बीजेपी ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कर दिया। बीजेपी ने बिपल्ब देब को संगठन में भेज दिया और सीएम की कुर्सी दी माणिक साहा को।

### मणिपुर में बीरेन का इस्तीफा



मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के 21 महीने बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बीरेन सिंह के खिलाफ सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी थी। प्रदेश बीजेपी में भी पिछले कुछ महीनों से सीएम बदलने को लेकर लामबंदी हो रही थी। बीजेपी के कुछ वरिष्ठ विधायकों ने दिल्ली जाकर केंद्रीय नेतृत्व के सामने कई बार यह मांग रखी थी।

### शपथग्रहण के लिए रामलीला मैदान तैयार



दिल्ली की राजनीति में हलचल तेज हो चुकी है। आने वाले 48 घंटों में दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला होने वाला है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है और अब पार्टी का ध्यान मुख्यमंत्री के चयन और शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर केंद्रित है। 20 फरवरी को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभाग और संबंधित एजेंसियां तैयारियों में जुटी हैं।











